CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24° C
न्यूनतम : 08° C

लखनऊ, बुधवार 18 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 131 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में फिर बदलेगा मौसम, 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार पेज 2



आईपीएल 2026: युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता सम्पादकीय



ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं पेज 12

# हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत: IDF

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से वह ईरान के शासन में एक बहुत बड़ा चेहरा थे। इन दावों के बीच लारीजानी के दफ्तर ने कहा है कि वे थोड़ी देर में प्रेस को संबोधित कर जानकारी देंगे। इन हमलों में इजरायली सेना (आईडीएफ) ने



**इजरायली सेना ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी किया दावा**

बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। बासिज फोर्स ने यह कैंप तब बनाया था जब इजरायल ने उनके पुराने मुख्यालयों को तबाह कर दिया था। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी थे।

### बगदाद के अमेरिकी दूतावास और अन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले, क्षेत्र में तनाव बढ़ा

**बगदाद/वाशिंगटन।** इराक में मंगलवार तड़के ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला में बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास को एक बार फिर निशाना बनाया गया। इससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। सीएनएन के अनुसार दूतावास परिसर से हवाई रक्षा प्रणालियों ने एक प्रक्षेप्य को बीच में ही रोक दिया, जिससे संभावित नुकसान टल गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इराक में अमेरिकी दूतावास, एक होटल और दक्षिण के एक तेल क्षेत्र सहित कई स्थानों को ड्रोन हमलों की श्रृंखला में निशाना बनाया गया। अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इराक की सेना ने पुष्टि की है कि दक्षिण में स्थित मजनून तेल क्षेत्र पर भी हमला किया गया था। चार ड्रोनों ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया। इराकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने टकराने से पहले ही उन सभी को बीच में रोककर नष्ट कर दिया।

# ट्रम्प प्रशासन को लगा बड़ा झटका

## अमेरिकी आतंकरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रम्प प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकते। केंट ने साफ कहा कि वह इस युद्ध के साथ अपनी अंतरात्मा के अनुसार खड़े नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। जो केंट ने सोशल

**कहा: इजरायल के दबाव में किया ईरान पर हमला**

मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। उनके मुताबिक यह युद्ध अमेरिका ने अपनी सुरक्षा की वजह से नहीं, बल्कि इजरायल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लाबी के दबाव में शुरू किया है। केंट ने कहा कि वह ऐसी नीति का समर्थन नहीं कर सकते -शेष पृष्ठ दो पर

### ईरान ने कतर में अमेरिकी अड्डे, इजरायल में रक्षा ढांचे पर किया हमला

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि ईरान ने कतर में एक अमेरिकी अड्डे और इजरायल में मिसाइल रक्षा ढांचे पर हमला किया है। फॉर्स समाचार एजेंसी न आईआरजीसी के हवाले से कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 57वां चरण कब्जे वाले क्षेत्रों के मध्य में स्थित लक्ष्यों के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाया गया।

### 28वां रोज़ा

### सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं



कुरआने-पाक के तेईसवें पारे की सूरह सफ्फात की पचहत्तरवीं आयत में अल्लाह का इरशाद है- और हमको नूह ने पुकारा सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं। इस आयत की रोशनी में अठ्ठाईसवां रोज़ा बेहतर तौर पर समझा जा सकता है। गौरतलब बात यह है कि रमज़ान का यह आखिरी अशरा दोजख से निजात का है। अल्लाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसका कोई शरीक नहीं है और वो अपने बंदे की फरियाद सुनता है। जैसा कि मजकूर आयत में अल्लाह ने खुद फरमाया है सो हम खूब फरियाद करते हैं। यहां समझने-समझाने के लिहाज से बाद वाला कौल पहले देखना होगा, क्योंकि इसी कौल पर इबादत और रहमत के ताल्लुक का दारोमदार है।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 400 की मौत

## 250 घायल, तालिबान का आरोप, पाक सेना ने नशा मुक्ति सेंटर पर गिराए बम

**काबुल, वार्ता**

**पाकिस्तान ने** सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं



**शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा: काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया। अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची, तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है। अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत ने की काबुल में अस्पताल पर पाक के हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक अस्पताल पर पाकिस्तान के हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत सोमवार की रात काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है।

# पैटर्निटी लीव पर भी कानून बने: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में पितृत्व अवकाश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि बच्चे का पालन-पोषण केवल मां की जिम्मेदारी नहीं है।

**केंद्र सरकार को सलाह दी, कहा: पालन-पोषण सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं, कानून बनाने की अपील**

पिता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है और शुरुआती समय में दोनों की मौजूदगी बच्चे के विकास के लिए जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की। अदालत ने उस नियम को असंवैधानिक ठहराया, जिसमें गोद लेने वाली महिला को तभी मातृत्व अवकाश मिलता था जब बच्चा तीन महीने से कम उम्र का हो। कोर्ट ने कहा कि गोद लेने वाली मां को भी 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए, चाहे बच्चे की उम्र कुछ भी -शेष पृष्ठ दो पर



### सीजेआई का सुझाव फैमिली कोर्ट में वकील-जज काले चोंगे न पहनें

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि फैमिली कोर्ट बच्चों के मन से मनोवैज्ञानिक डर को खत्म करें। इसके लिए कोर्ट के पारंपरिक कामकाज में कुछ बदलाव किए जाएं। उन्होंने पूछा कि क्या फैमिली कोर्ट में काले चोंगे होने चाहिए? सीजेआई ने कहा कि जब हम फैमिली कोर्ट के लिए एक नई सोच और अवधारणा बना रहे हैं, तो क्या इससे बच्चे के मन में कोई मनोवैज्ञानिक डर पैदा नहीं होगा? उन्होंने सुझाव दिया कि फैमिली कोर्ट में पीठासीन जज और वकील यूनिफॉर्म में नहीं आने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने ये बातें दिल्ली के रोहिणी में एक फैमिली कोर्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में आप सभी के लिए हमारे पीठासीन अधिकारी कोर्ट की पोशाक में नहीं बैठेंगे। बार के सदस्य भी काले और सफेद चोंगे में नहीं आएंगे। पुलिस अधिकारी भी वर्दी में नहीं आएंगे।




# अब गुजरात में UCC की तैयारी

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है।

समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है। गुजरात सरकार इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी।

**समिति ने सीएम भूपेंद्र पटेल को रिपोर्ट सौंपी, 24 मार्च को सदन में पेश हो सकता है विधेयक**

रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है, जो इस बजट सत्र का अंतिम दिन भी है। अगर यह बिल पास हो जाता है, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

# हरियाणा में हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच कांग्रेस ने जीती राज्यसभा की एक सीट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 16 घंटे तक चले हाई-वोल्टेज चुनावी ड्रामे के बाद कांग्रेस पार्टी दो में से एक राज्यसभा सीट जीतने में सफल रही। इस जीत के साथ ही कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के कब्जे वाली एक सीट को प्रभावी रूप से अपने नाम कर लिया है।

सोमवार को हरियाणा, बिहार और ओडिशा की कुल 11 राज्यसभा सीटों पर हुए मतदान में से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन

**राजग ने कुल 11 में से नौ सीटें जीती**

और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने नौ सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस और बीजू जनता दल के खाते में एक-एक सीट आई। हरियाणा में भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध विजयी घोषित किए गए जबकि भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा में मतदान की प्रक्रिया विवादों से घिरी रही। दो कांग्रेस विधायकों के वोटों पर भाजपा की औपचारिक आपत्तियों के कारण मतगणना में देरी हुई और यह रात 10:25 बजे शुरू हुई और मंगलवार तड़के 1:30 बजे संपन्न हुई। राज्य मंत्री गौरव गौतम के अनुसार, यह चुनाव आंतरिक कलह और क्रॉस-वोटिंग के साए में रहा। उन्होंने बताया कि कुल चार वोट रद्द किए गए।

# बरेली में सास व साले का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सास और साले की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार भोर एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया। रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार दोपहर आरोपी अफसर खान ने अपनी पत्नी साइमा, सास आसमा और साले आदिल पर चाकू से हमला किया।

हमले में सास और साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी साइमा गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की खोज शुरू की। सूचना मिली अफसर मुड़िया अहमदनगर के सहारा ग्राउंड में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। अपनी पत्नी को मारने की कोशिश कर सकता है। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण के लिए कई बार कहा कि लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अफसर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां

**हत्यारोपी ने पत्नी सहित चार लोगों पर किया था चाकू से हमला**

डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फायरिंग में दो पुलिसकर्मी, कांस्टेबल रूपेंद्र और कांस्टेबल अनुराग भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्तौल, घटना में इस्तेमाल की गई चाकू, चार लाइव कार्टेज और कुल 10 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अफसर का आपराधिक इतिहास लंबा है। 2009 में उसने अपने सगे मामा की हत्या की थी, जिसके लिए उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह जमानत पर था। उसके खिलाफ चोरी का भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब उसके अन्य अपराधों की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार अफसर और साइमा की शादी लगभग नौ साल पहले हुई थी। पत्नी द्वारा ससुराल जाने से इन्कार करने पर सोमवार दोपहर पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें आरोपी अफसर खां ने वारदात कर दी।

### लोकसभा के आठ सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने आठ सदस्यों का निलंबन वापस लेने के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया, जिससे उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ध्यानाकर्षण सूचना 374 के खंड दो के तहत वह आठ सदस्यों के निलंबन को वापस लेने का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने कहा कि निलंबित सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाए।

# रिटायर्ड आईपीएस, डीजीपी व सैन्य अफसरों का राहुल को लेटर

**नई दिल्ली।** 204 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी, आईपीएस-आईएएस और वकीलों ने राहुल गांधी को ओपन लेटर लिखकर देश से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 12 मार्च को संसद परिसर में किया गया विरोध संसदीय नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ था।

ओपन लेटर में कहा गया कि संसद परिसर में प्रदर्शन या विरोध न करने को लेकर स्पीकर की ओर से पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध किया। लेटर में आगे कहा कि राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध



**कहा: संसद परिसर में आचरण नियमों के खिलाफ देश से माफी मांगें कांग्रेस नेता**

करते दिखाई दिए। यह संसदीय अधिकार और संसद की मर्यादा की अनदेखी है। संसद की सीढ़ियां राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं हैं। दरअसल, 12 मार्च को विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दिए। वे वहां चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध कर रहे थे। विरोध के दौरान संसद परिसर की सीढ़ियों पर राहुल गांधी ने चाय और बिस्किट खाया। लेटर में कहा गया कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है और उसकी गरिमा हर समय बनी रहनी चाहिए। संसदीय परंपराओं के मुताबिक लोकसभा और राज्यसभा कक्ष ही नहीं, बल्कि संसद परिसर की सीढ़ियां, गलियारे और लॉबी भी उसी संस्था का हिस्सा हैं। इसलिए वहां भी सांसदों का आचरण उसी मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। लेटर में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा के स्तर को गिराती हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं। यह ओपन लेटर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद ने जारी किया है। लेटर पर 204 लोगों ने साइन किए हैं। इनमें 116 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी और 84 पूर्व नौकरशाह शामिल हैं। इसके अलावा चार पूर्व राजदूत और चार सीनियर वकील भी सिग्नेचर करने वालों में शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गोरखपुर में भाजपा नेता राजकुमार की दिनदहाड़े हत्या

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के चिलुआताल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह मार्निंग वॉक पर निकले पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता राजकुमार चौहान की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि बरगदवा गांव में आज सुबह पूर्व पार्षद राजकुमार चौहान मार्निंग वॉक पर निकले थे कि पहले से घात लगाए कुछ बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हे घायलावस्था में बाबा राघवदास मेडिकल कालेज लाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि आरो. पियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने रोका

**लखनऊ।** लखनऊ में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी कटोरा लेकर भीख मांगते हुए हजरतगंज चौराहे से विधानसभा घेराव के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें जीपीओ के पास ही रोक लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2024 की भर्ती प्रक्रिया कोर्ट में लंबित है और अब तक 53 तारीखें लग चुकी हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं आया। इससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थी सूरज सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बेरोजगार हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ 883 पेज का जवाब दाखिल

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आशुतोष ब्रह्मचारी मंगलवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती की अग्रिम जमानत अर्जी पर अदालत के आदेश के अनुपालन में अपना लिखित जवाब दाखिल किया।



आशुतोष ब्रह्मचारी 883 पेज का लिखित जवाब लेकर हाईकोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इसमें नाबालिग बटुकों के साथ कथित कुकर्म और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि शंकराचार्य होने के संबंध में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दाखिल हलफनामे से जुड़े तथ्यों के संबंध में भी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ ने 27 फरवरी को आदेश जारी कर अंतिम आदेश आने तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। साथ ही सभी पक्षकारों को 12 मार्च तक अपना रिटर्न सबमिशन दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि 12 मार्च को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आशुतोष ब्रह्मचारी हाईकोर्ट में अपना जवाब दाखिल नहीं कर सके थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने ईमेल के माध्यम से अदालत को सूचित किया था कि सुरक्षा कारणों से वह उस दिन कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पाएंगे। अब उन्होंने अदालत में अपना जवाब दाखिल करते हुए देरी के लिए माफी याचिका भी प्रस्तुत की है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ उनके पास ठोस साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें वह अदालत में प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन साक्ष्यों के आधार पर वह हाईकोर्ट में उनकी नियमित जमानत अर्जी का विरोध करेंगे और नाबालिग बटुकों के यौन शोषण के मामले में ट्रायल कोर्ट से सजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

**27 फरवरी के आदेश में लगी थी गिरफ्तारी पर रोक**

### वकीलों की हड़ताल से आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान नहीं हो सका दर्ज

इसी बीच जिला अदालत में चल रहे एक अन्य मामले में वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण मंगलवार को आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान दर्ज नहीं हो सका। उन्हें 18 जनवरी 2026 को मौनी अमावस्या के दिन सेक्टर चार त्रिवेणी मार्ग पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय यात्रा के दौरान हुए हमले के मामले में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम की अदालत में बयान दर्ज कराना था। वकीलों की हड़ताल के कारण अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 2 मई निर्धारित की है। अब इस मामले में वादी आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान 2 मई को दर्ज किया जाएगा। आशुतोष ब्रह्मचारी ने अपने ऊपर हुए हमले के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती और उनके शिष्यों पर मारपीट का आरोप लगाया था, जिसमें वह घायल भी हो गए थे।

# ईद सादगी से मनाएं देश के मुसलमान: मौलाना कल्बे जव्वाद व अली जैदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





**अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत से उम्मत में गम का माहौल, यह सदी की सबसे अजीम शहादत, हम सब गहरे गम में हैं**

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत के बाद पूरे विश्व के साथ-साथ भारत के मुसलमानों में भी गहरा शोक व्याप्त है। इसी क्रम में शिया वक बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी और प्रसिद्ध शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने देश के मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि इस वर्ष ईद-उल-फितर का त्योहार सादगी और गमगीन माहौल के साथ मनाया जाए।

उन्होंने कहा कि अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत केवल ईरान ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए एक बड़ा सदमा है। उनके अनुसार यह सदी की सबसे अज़ीम शहादतों में से एक है, जिसकी वजह से पूरी उम्मत गहरे गम और शोक में डूबी हुई है। अली जैदी और मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि आज हालात ऐसे हैं, जैसे किसी घर में किसी अपने का इंतकाल हो गया हो। जब किसी परिवार में किसी का निधन होता है तो खुशियों और जश्न को सीमित कर दिया जाता है, उसी तरह मौजूदा समय में भी मुसलमानों को ईद को सादगी, इबादत और खामोशी के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत समेत कई देशों में शिया समुदाय इस घटना को लेकर गहरे दुख में है। अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए गम और शोक का कारण बनी हुई है, इसलिए ईद जैसे खुशी के त्योहार को भी इस वर्ष सादगी और गंभीरता के साथ मनाना चाहिए। धार्मिक नेताओं ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद के मौके पर अनावश्यक दिखावा, बड़े जश्न और आतिशबाजी से बचें तथा गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करें। साथ ही शहीदों के लिए दुआ और फातिहा पढ़कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश करें। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी उम्मत को एकजुट होकर अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देना चाहिए।

# रेलवे आम आदमी के सुविधाजनक सफर पर भी पर्याप्त ध्यान दे: विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

**टीएमसी ने अनुदान मांगों पर जारी चर्चा में कहा**

लोकसभा में विपक्ष ने आम आदमी के लिए ज्यादा ट्रेनें चलाने और सफर में उन्हें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी राय ने रेलवे की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों पर जारी चर्चा में शामिल होते हुए मंगलवार को कहा कि मजदूरों और आम आदमियों के लिए ट्रेनें चलाई जानी चाहिए और उन्हें सफर के दौरान कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्काल टिकट लेने वाले निचली बर्थ आरक्षित करा लेते हैं जबकि पहले से आरक्षण कराने में बुजुर्गों को ऊपर की बर्थ मिलती है। पैसे वाले लोग सुविधाजनक सफर करते हैं, जबकि आम आदमी को सफर में दुश्वारियां पेश आती हैं। सुश्री राय ने कहा कि बुजुर्गों के लिए निचली बर्थ ही आरक्षित किए जाने के प्रावधान किए जाने चाहिए। अस्सी वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए भी ऊपरी बर्थ आरक्षित कर दी जाती है। इससे उन्हें बड़ी परेशानी होती है। ऊपर की बर्थ पर चढ़ने के दौरान उनके गिर कर घायल होने की भी खबरें आई हैं। इसी के साथ उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को किराए में रियायत फिर शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में स्थानीय वेंडर खाने की आपूर्ति कर रहे हैं, जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं होती और स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सुश्री राय ने कहा कि आरक्षण के लिए प्रतीक्षा सूची में शामिल टिकट रद्द कराने पर भी रेलवे पैसे काट रहा है, जो कतई उचित नहीं है।

## 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार

# उत्तर प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**आज मौसम शुष्क बना रहेगा, जबकि 19 मार्च से पश्चिमी यूपी में बारिश होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल जाएगी: विशेषज्ञ**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 19 मार्च से प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 22 मार्च तक जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तरी पंजाब के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिणी हरियाणा के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले दो दिनों में तराई और आसपास के मध्य जिलों में रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक देखने को मिली थी। हालांकि अब यह गतिविधियां थम गई हैं। वर्तमान में किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के अभाव में 18 मार्च तक मौसम शुष्क बना रहेगा।

इस दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, 19 मार्च से पश्चिमी यूपी में बारिश की शुरुआत होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल जाएगी। इस बारिश के चलते अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है और तापमान सामान्य या उससे नीचे पहुंच सकता है। हाल ही में हुई बारिश के दौरान मुजफ्फरनगर में 7.2 मिमी, बिजनौर में 6.8 मिमी, सहारनपुर में 5.2 मिमी और संभल में 2.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी गई, जहां नजीबा. बाद में 12.5 डिग्री, मेरठ में 13.6 डिग्री, मुजफ्फरनगर में 14.8 डिग्री और अयोध्या में 15 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी में दिन का तापमान 33.1 डिग्री और रात का तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को यहां आसमान साफ रहने के साथ अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी बांदा में 36.6 डिग्री, उरई में 36.4 डिग्री, फतेहपुर में 36.2 डिग्री और प्रयागराज में 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। अधिका. रियों के अनुसार फिलहाल 1.2 दिन गर्मी बढ़ेगी, लेकिन 19 मार्च से मौसम बदलते ही प्रदेशवासियों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

### दरोगा भर्ती के विवादित सवाल से नाराज युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के बाहर मंगलवार को एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश कर हड़कंप मचा दिया। युवक अपने साथ बोतल में केरोसीन लेकर पहुंचा था और मुख्य गेट के सामने आते ही उसने अपने ऊपर केरोस. ीन छिड़कना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत पकड़ लिया और बड़ा हादसा टल गया। युवक की पहचान दीपक शर्मा के रूप में हुई है। उसका आरोप है कि हाल ही में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में एक विवादित सवाल पूछा गया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76070.84
निफ्टी 23581.15



सोना 159810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 275000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी आईटी व एफएमसीजी कंपनियों पर दबाव

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही, हालांकि आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक (0.75 प्रतिशत) चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 23,581.15 अंक पर पहुंच गया। ऑटो, धातु, मीडिया, रियलटी, वित्त, निजी बैंकों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में मजबूत लिवाली के बीच आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के सूचकांक गिरावट में रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.03 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर लगभग पौने छह फीसदी मजबूत हुआ। टाटा स्टील में करीब साढ़े चार फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीईएल, एलएंडटी और भारती एयरटेल के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। मारुति सुजुकी, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा, टेक महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। टीसीएस, अडानी पोट्र्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी गिरावट में रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में आया उछाल

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। चांदी की कीमत 3000 रुपये बढ़कर 2.59 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 860 रुपये बढ़कर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 10 पर 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में सोने 1,061 रुपए या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 1,56,797 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,56,649 का न्यूनतम स्तर और 1,56,996 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है, जो दिखाता है कि सोना तेजी के साथ, लेकिन एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। दूसरी तरफ 5 मई 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में चांदी 3,353 रुपए या 1.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,885 रुपए पर कारोबार कर रही थी। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,58,338 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,61,457 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ। एशियाई कारोबार के दौरान स्पॉट गोल्ड की कीमत मामूली बढ़त के साथ करीब 5,008 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। वहीं स्पॉट सिल्वर की कीमत 0.21 प्रतिशत गिरकर लगभग 80.5 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# मुद्रा योजना में एनपीए 2.3 प्रतिशत के करीब

**नई दिल्ली, वार्ता**

सरकार ने मंगलवार को बताया कि मुद्रा योजना में पिछले तीन साल में कुल 15.50 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए हैं और गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) का अनुपात कुल दिए गए ऋण के 2.3 प्रतिशत के आसपास है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मुद्रा योजना के तहत मुख्य रूप से तीन श्रेणियां हैं- शिशु, किशोर और तरुण।

तीनों योजनाओं को मिलाकर कुल एनपीए लगभग 2.3 प्रतिशत के आसपास है। विशेषकर शिशु श्रेणी में एनपीए के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस श्रेणी में एनपीए कुल दिए गए ऋण के 1.83 प्रतिशत के आसपास है। उन्होंने कहा, षशिशु यदि श्रेणीवार मैं विशिष्ट एनपीए की बात करूं, तो इसका एनपीए अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने बताया कि शिशु श्रेणी में पहली बार ऋण लेने वालों को वित्तीय मदद दी जाती है, जो बहुत ज्यादा नहीं होता। तो ऐसा नहीं है कि एनपीए बहुत ज्यादा है, या यह काफी बड़ा हिस्सा है और इसलिए हमें व्यापक स्तर पर कार्रवाई करनी होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना में ऋण लेने वाले ज्यादातर लोग बैंक के आसपास के ही होते हैं, और इसलिए बैंक उनसे नियमित संपर्क में हैं। मूल प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि अप्रैल 2022 से मार्च 2025 के बीच कुल 18.37 करोड़ खातों में 15.50 लाख करोड़ के ऋण जारी किए गए हैं। इसमें शिशु श्रेणी में 3.96 लाख करोड़, किशोर में 7.52 लाख करोड़, तरुण में 3.98 लाख करोड़ और तरुण प्लस में चार हजार करोड़ रुपये के ऋण जारी किए गए हैं। करीब 19 प्रतिशत ऋण नए उद्यमियों को और 65 प्रतिशत महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। लिखित उत्तर में 31 मार्च 2025 के आंकड़ों में कहा गया है कि शिशु श्रेणी में एनपीए 1.50 प्रतिशत, किशोर में 2.49 प्रतिशत और तरुण में 2.10 प्रतिशत है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प प्रशासन...** जिसमें बिना स्पष्ट खतरे के युद्ध छेड़ा जाए। जो केंट ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के लिए कोई तत्काल या प्रत्यक्ष खतरा पैदा नहीं किया था। उनके मुताबिक हालात ऐसे नहीं थे कि युद्ध की जरूरत पड़ती। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष में अमेरिका की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। केंट ने यह भी कहा कि युद्ध का फैसला दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण लिया गया। जो केंट अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। इस एजेंसी की जिम्मेदारी दुनिया भर में आतंकवादी खतरों का विश्लेषण करना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना होती है। केंट को जुलाई में सीनेट में 52-44 वोट से इस पद के लिए मंजूरी मिली थी। इससे पहले वह राजनीति में भी सक्रिय रहे और वाशिंगटन राज्य से कांग्रेस चुनाव भी लड़ चुके हैं। जो केंट का लंबा सैन्य और खुफिया अनुभव रहा है। वह अमेरिकी सेना में ग्रीन बेरेट कमांडो के रूप में काम कर चुके हैं और 11 बार अलग-अलग मिशनों में तैनात रहे हैं। सेना छोड़ने के बाद उन्होंने सीआईए के साथ भी काम किया। इसके बाद वह राजनीति में आए और बाद में ट्रम्प प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। जो केंट का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब अमेरिका और इजरायल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर वैश्विक स्तर पर बहस जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवाद विरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस तरह इस्तीफा देना ट्रम्प प्रशासन के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक दबाव बढ़ा सकता है। इससे अमेरिका की ईरान नीति पर नए सवाल खड़े हो सकते हैं।

**पाकिस्तान की...** स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए। आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतर्राष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान ऐसी घटना से लोगों में और ज्यादा दुख और गुस्सा है। लोगों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और मानवाधिकार संगठनों से मांग की है कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी जिम्मेदार हो उसे सजा दी जाए। पाकिस्तान ने रविवार रातभर भी कंधार प्रांत में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया था। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई आपरेशन 'गजब -लिल-हक' के तहत की। इसके जवाब में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के सैन्य कैंप पर हमला किया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुता. बिक, हमले में उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) जैसे संगठन सीमा पार हमलों की तैयारी के लिए करते थे।

**पितृत्व अवकाश...** हो। अदालत ने कहा कि बच्चे की देखभाल और भावनात्मक विकास में माता-पिता दोनों की भूमिका अहम होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चे के शुरुआती महीने और साल उसके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इसी समय बच्चे और माता-पिता के बीच भावनात्मक संबंध मजबूत होते हैं। अदालत ने कहा कि अगर पिता को इस समय बच्चे के साथ रहने का मौका नहीं मिलता, तो बच्चे और पिता दोनों इस महत्वपूर्ण अनुभव से वंचित रह जाते हैं। इसलिए पितृत्व अवकाश की व्यवस्था होना जरूरी है। अदालत ने कहा कि यह सही है कि मां बच्चे के विकास में केंद्रीय भूमिका निभाती है, लेकिन पिता की भूमिका को नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। पिता का सहयोग मां के लिए भी जरूरी होता है, खासकर बच्चे के जन्म या गोद लेने के शुरुआती समय में। अदालत ने कहा कि पितृत्व अवकाश से पिता बच्चे की देखभाल में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं और परिवार की जिम्मेदारियां साझा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पितृत्व अवकाश की व्यवस्था से समाज में पारंपरिक सोच भी बदलेगी। इससे यह धारणा कमजोर होगी कि बच्चों की देखभाल केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि अगर पिता को भी अवकाश मिलेगा तो परिवार और कार्यस्थल दोनों जगह लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और माता-पिता दोनों की भूमिका संतुलित होगी। अदालत ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार करे। कोर्ट ने कहा कि इस अवकाश की अवधि ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे और माता-पिता दोनों की जरूरतों के अनुरूप हो। इससे पिता भी बच्चे के शुरुआती विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे और परिवार को बेहतर समर्थन मिलेगा।

# राज्यसभा चुनाव में हरियाणा में भाजपा के हर हथकंडे पर फिरा पानी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

**क्रॉस वोटिंग के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी जीता**

कांग्रेस ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई।

कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा पार्टी सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था। भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की को. शिश की। यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया। हुड्डा ने हरियाणा में राज्यसभा चुनाव में करमवीर बौद्ध की जीत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पूरे शीर्ष नेतृत्व बधाई दी और कहा कि हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की, उससे साफ हो गया कि भाजपा का लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है। भाजपा सिर्फ सत्ता हासिल करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के विधायकों और सजग कार्यकर्ताओं ने लूट नहीं होने दी और सामाजिक न्याय के लिए काम करने वाले करमवीर बौद्ध को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा की योजना खरीद-फरोख्त से संख्या हासिल करने की थी, लेकिन जब ये योजना फेल हो गई, तो पार्टी ने अपनी बी टीम इनेलो को सक्रिया किया, जिसने चुनाव के दिन तक अपना रूख साफ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जब 30 से ज्यादा वोट पड़ गए, तो इनेलो मतदान से भाग खड़ी हुई। इस सबके बाद भाजपा ने अपना तीसरा हथकंडा अपनाने की कोशिश की, जहां उन्होंने चुनाव आयोग को अपने साथ लिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव अधिकारी ने पक्षपात किया और हमारे चार वोट कैंसिल कर दिए, जबकि ये सभी वोट वैलिड थे।

### पाबंदियों के बीच कश्मीर में मना शब-ए-कद्र

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शब-ए-कद्र बेहद अकीदत और जज्बे के साथ मनाई गई। इस दौरान हजारों की तादाद में जायरीन रात भर इबादत करने के लिए मस्जिदों और दरगाहों में उमड़ पड़े। इसे लैलतुल कद्र के नाम से भी जाना जाता है। ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को छोड़कर पूरी घाटी के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। अधिकारियों ने यहां लगातार सातवें वर्ष रात भर की सामूहिक इबादत पर रोक लगा दी थी। इसके साथ ही प्रशासन ने कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक को उनके घर पर नजरबंद कर दिया था। अकीदतमंद सुबह तड़के तक दुआओं, कुरान पाक के पाठ और विशेष तरावीह की नमाज में मशगूल रहे। सबसे बड़ा मजमा खूबसूरत डल झील के किनारे स्थित मुकद्दस हजरतबल दरगाह में लगा था, जहां इस पाक मौके पर आशीर्वाद लेने के लिए भारी तादाद में अकीदतमंद जमा हुए।

# श्रद्धा, संयम व सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है नवरात्र: जयवीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जनकल्याण महासमिति, गोमती नगर, लखनऊ द्वारा आज अटल क्रीड़ा स्थल (मिनी स्टेडियम), विराम खण्ड में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रवज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंत्री जयवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लखनऊ की धरती गंगा-जमुनी तहजीब की प्रतीक रही है, जहां सदियों से प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं की समृद्ध विरासत विकसित हुई है।

होली का त्योहार केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह समाज में व्याप्त भेदभाव और दूरियों को मिटाकर लोगों को एक सूत्र में बांधने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मंत्री ने सभी नागरिकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को बनाए रखने का आह्वान किया। होली के बाद आने वाले चौत्र नवरात्र की भी मंत्री श्री जयवीर सिंह ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नवरात्र भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले चौत्र नवरात्र के अवसर पर देवी शक्ति की आराधना के साथ प्रदेश भर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष आयोजन होते हैं। यह पर्व श्रद्धा, संयम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना को प्रबल करता है। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से राधा-कृष्ण का मनमोहक मयूर नृत्य तथा फूलों की दिव्य होली कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे, जिनका उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय परिवारों एवं नागरिकों ने भाग लेते हुए प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव, जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डॉ. बी.एन. सिंह, महासचिव डॉ. राघवेन्द्र शुक्ला, माद्न रक्षामंत्री के पी.आर.ओ., कर्नल ए.एन. पाण्डेय (कार्यकारी महासचिव), आर.सी. मिश्रा, डॉ. ओ.पी. सिंह, ओ.पी. दीक्षित, बी.एस. सिसोदिया, अरुण तिवारी (सभासद), संजय सिंह राठौर (सभासद), रामकृष्ण यादव (सभासद), डॉ. वीरेन्द्र कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## हिंदू नववर्ष हमारी संस्कृति और परंपराओं का उत्सव: जयवीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में 19 मार्च 2026 को चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर हिंदू नववर्ष के स्वागत में भव्य और गौरवमयी शोभायात्रा निकाली जाएगी।

इस आयोजन को खास और आकर्षक बनाने के लिए कई सांस्कृतिक झांकियों और कलाकारों की प्रस्तुतियां शामिल की जाएंगी। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग और नववर्ष महोत्सव समिति, श्री एकरसानन्द आश्रम के सहयोग से किया जा रहा है। इस शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से कलाकार और सांस्कृतिक दल हिस्सा लेंगे।

महाराष्ट्र की मशहूर ढोल-ताशा टीम अपनी ऊर्जा से माहौल को उत्साहपूर्ण बनाएगी। वहीं असम की संस्कृति डांस एकेडमी द्वारा बिहू लोकनृत्य की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इसके साथ ही केरल की प्रसिद्ध कथकली नृत्य झांकी भी शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण होगी। कार्यक्रम में ब्रज की प्रसिद्ध होली की झांकी भी निकाली जाएगी, जो दर्शकों को ब्रज की सांस्कृतिक परंपराओं से रूबरू कराएगी। गोरखपुर की वनटांगिया नृत्य झांकी, वाराणसी का मनमौजी अघोरी आर्ट ग्रुप एंड इवेंट, ओडिशा की मां पूर्णमासी घंटा पार्टी और मध्य प्रदेश के उज्जैन से श्री भरम रमैया भक्त मंडल की झांकी भी इस शोभायात्रा में शामिल होंगी। शोभायात्रा नवीन गल्ला मंडी से शुरू होकर श्री एकरसानंद आश्रम तक जाएगी और समापन कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार कैलाश खेर का कैलाशा बैंड अपनी विशेष प्रस्तुति देगा। इन झांकियों और प्रस्तुतियों के जरिए यह कार्यक्रम भव्य और ऐतिहासिक बनने जा रहा है। इससे न केवल हिंदू नववर्ष का उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा, बल्कि लोगों को देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को करीब से देखने का अवसर भी मिलेगा। इस आयोजन पर अपने विचार रखते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, हिंदू नववर्ष हमारी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे अवसर पर निकलने वाली शोभायात्राएं केवल उत्सव नहीं होतीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक एकता की झलक भी दिखाती हैं। मैनपुरी में होने वाला यह आयोजन लोगों को भारतीय संस्कृति की विविधता और भव्यता से परिचय कराएगा। हमारा प्रयास है कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक माहौल बने और हमारी समृद्ध परंपराएं नई पीढ़ी तक गर्व के साथ पहुंचें।

## 89.82 लाख रुपये की पर्यटन विकास योजना से बदलेगी तस्वीर, 60 लाख रुपये की पहली किस्त जारी

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अल्पज्ञात और कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विशिष्ट पहचान देने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है।

इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित प्राचीन श्री महादेव जलसाई नाथ जी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए करीब 89.82 लाख रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है, जिसके तहत 60 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है। इस पहल से न केवल मंदिर का स्वरूप भव्य और आधुनिक होगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी गति मिलेगी। यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनकर उभरेगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्जलसाई नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास के तहत इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत यात्री हॉल का निर्माण, शीट रूफिंग युक्त यात्री शेड, बैठने के प्लेटफॉर्म, स्टील रेलिंग, ग्रीन पावर से युक्त इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी बेंच स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट, स्वच्छ पेयजल सुविधा और बागवानी कार्य के जरिए परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस पहल से जहां श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं लखनऊ के धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। जनश्रुति के मुताबिक, भगवान भोलेनाथ का प्राचीन जलसाई नाथ मंदिर स्वयंभू माना जाता है। जिसके तहत मंदिर को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। खास बात यह है कि सावन और महाशिवरात्रि के मौके पर यहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अब राज्य के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के साथ-साथ अल्पज्ञात और प्राचीन मंदिरों के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित जलसाई नाथ मंदिर, चौक क्षेत्र के कोनेश्वर महादेव मंदिर और बारा बिरवा के संत रविदास मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों का विकास किया जा रहा है।

## परिवहन, जलकर समस्या को लेकर वित्त मंत्री से मिले बंसल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** परिवहन व्यवसायियों के ऊपर लागू की गई योजना से संबंधित कुछ बिंदुओं पर हो रही कठिनाई तथा जल कनेक्शन के बिना आ रहे लाखों रुपयों के बिल के विषय पर उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से संदीप बंसल के नेतृत्व में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल मिला। बंसल ने कहा कि सरकार ने नए परिवहन व्यवसायियों के लिए एकमुश्त कर जमा कराने की जो योजना बनाई है,

स्वागत योग्य है परन्तु जो पुराने परिवहन व्यवसायी हैं या जिनके पास एक अथवा दो गाड़ी हैं उनके लिए एक मुश्त पैसा जमा कराना अव्यवहारिक नहीं हो पा रहा है, उनको पुरानी व्यवस्था अथवा तिमाही कर जमा कराने की छूट प्रदान की जाए। संदीप बंसल ने ये भी बताया कि बिना पानी के कनेक्शन के लाखों रुपये के बिल लखनऊ सहित प्रदेश के कई जनपदों में नगर निगमों नगरपालिकाओं द्वारा भेजे गए हैं जिनको भुगतान किया जाना व्यापारी समाज के लिए संभव नहीं है। इस नियम में परिवर्तन करते हुए व्यापारियों को राहत प्रदान की जाए। तथा अनावश्यक उत्पीड़न से बचाया जाए।

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने विषय की गंभीरता को समझते हुए तत्काल नगर विकास मंत्री एवं परिवहन मंत्री से वार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रयास करके इन विषयों का समाधान कराया जाएगा। खन्ना के साथ वार्ता करने वाले प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, महामंत्री अनुज गौतम, उत्तर प्रदेश परिवहन व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पीयूष गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल थे।

# मुसलमान इफ्तार का करे ज्यादा से ज्यादा एहतमामः अबुल इरफान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इंडियन राहत फाउंडेशन के अध्यक्ष इमरान खान उपाध्यक्ष जीशान खान, सचिव मो जुनैद अहमद ने तमाम मेहमानों का गुलदस्ता पेश कर खैर मख़्दम किया।

इस अवसर पर अबुल इरफान मियां फिरंगी महली काजी शहर लखनऊ ने अपने खिताब में फरमाया कि रोजा रखने वाले को इफ्तार कराना बहुत सवाब का काम है। अल्लाह के रसूल ने फरमाया जो कोई रोजा रखने वाले को इफ्तार कराएगा, उसे उस रोजा रखने वाले के बराबर सवाब मिलेगा, और रोजा रखने वाले के सवाब में कोई कमी भी नहीं होगी। मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ने फरमाया कि रोजा गुनाहों को माफ कराता है, रोजा खुलवाने वाले को जन्नत में दाखिला मिलता है, रोजा खुलवाने से अल्लाह की



रजा मिलती है और रोजा रखने का सवाब बढ़ता है। इमरान खान अध्यक्षइंडियन राहत फाउंडेशन ट्रस्ट ने अपने बयान में कहा कि प्रत्येक मुसलमान को अपनी क्षमता के अनुसार जनसेवा करनी चाहिए, जिससे उसे इस दुनिया और आखिरत में आसानी पैदा हो। इंडियन राहत फाउंडेशन लगभग तीन वर्षों से जनसेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि इसे अपनी दुआओं में याद रखें ताकि फाउंडेशन और अधिक मिल्ली खिदमात अंजाम दे सके। इफ्तार में विशेष रूप से शामिल होने वालों में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, शाह सबाहत हसन शाह सज्जादा नशीन दरगाह दादा मियां सदर, मौलाना अफ्फान अतीक फिरंगी महली महासचिव इदारा शरिया फिरंगी महल, अल्पसंख्यक मंत्री दानिश आजाद अंसारी, कुवर बासित अली अध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा भाजपा, रवि दास मल्होत्रा घ्विधायक समाजवादी पार्टी, सैय्यद फैजी भाजपा नेता, आमिल शम्सी भाजपा नेता, जुनैद अहमद, एडवोकेट आमिर रसूल, एडवोकेट फैजान फिरंगी महली मौजूद रहे।

### डीसीएम व बाइक में भिड़ंत, बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज कस्बे में बीती रात साढ़े दस बजे के करीब एक बाइक सवार डीसीएम से भिड़ गया।इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक वजीरगंज थानाक्षेत्र के सीरपुरवा चंदापुर निवासी राकेश कन्नौजिया नाम का युवक बीती बाइक से कहीं जा रहा था इस दौरान थाने से महज सौ मीटर डॉकखाने के करीब पीछे से वह एक डीसीएम ट्रक से भिड़ गया। जिससे वह बाइक समेत उछलकर सड़क पर गिर गया।जिसे देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद उसे सीएचसी पहुंचाया गया।

## एलपीजी की कालाबाजारी पर सरकार का बड़ा एक्शन अब तक 4,816 छापे, 70 एफआईआर व 10 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर योगी सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद पूरे प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं और कालाबाजारी व अवैध बिक्री के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत, 12 मार्च से अब तक प्रदेशभर में 4,816 निरीक्षण और छापेमारी की गई है। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 10 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि गैस की कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 60 एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई। मौके से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 67 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। योगी सरकार द्वारा 4,108 एलपीजी वितरकों के यहां उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुरूप गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित कराने के लिए सख्त निगरानी की जा रही है। स्टॉक की नियमित समीक्षा की जा रही है और आवश्यकतानुसार रिफिल की उपलब्धता पर नजर रखी जा रही है। यही नहीं, केंद्र सरकार द्वारा वाणिज्यिक सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत आवंटन की अनुमति दिए जाने के बाद इसके क्रियान्वयन पर भी सतर्कता बरती जा रही है।खाद्य आयुक्त कार्यालय में पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा होम कंट्रोल में भी अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जिलों में भी कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं, जो लगातार निगरानी कर रहे हैं। साथ ही, जिला पूर्ति अधिकारी और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी फील्ड में लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और उपभोक्ताओं तक एलपीजी की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं।

# उप्र के चार प्रमुख क्षेत्रों में निषाद पार्टी का रैलियों का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में निषाद पार्टी ने अपने चुनावी अभियान का औपचारिक आगाज करने की रणनीति तैयार कर ली है। पार्टी प्रदेश के चार प्रमुख क्षेत्रों-गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और मेरठ में विशाल जनसभाओं का आयोजन करने जा रही है। इन रैलियों के माध्यम से निषाद पार्टी अपनी संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन करने के साथ-साथ अपने प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। निषाद पार्टी द्वारा 22 मार्च 2026 को गोरखपुर जनपद स्थित महंत दिग्विजयनाथ पार्क, गोरखपुर में एक विशाल रैली का आयोजन प्रस्तावित है।

यह रैली पार्टी के चुनावी अभियान की औपचारिक शुरुआत मानी जा रही है और इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं निषाद समाज के लोगों की भागीदारी की अपेक्षा है। विशेष रूप से पूर्वांचल, जो निषाद पार्टी का पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र रहा है, वहां पार्टी अपने जनाधार को और मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। वहीं मेरठ में रैली आयोजित कर पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने और नए सामाजिक समीकरण स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है। इन जनसभाओं का मुख्य केंद्र बिंदु मझवार/तुरैहा समाज को अनुसूचित जाति (एससी) में परिभाषित किए जाने की मांग होगी। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय



अध्यक्ष इस मुद्दे को रैलियों में प्रमुखता से उठाते हुए इसे जनआंदोलन का रूप देने की रणनीति पर कार्य कर रहे हैं। पार्टी का मानना है कि यह केवल एक सामाजिक मुद्दा नहीं, बल्कि अधिकार और सम्मान से जुड़ा विषय है। बीते चार वर्षों में सत्ता में रहते हुए भी पार्टी नेतृत्व ने इस मुद्दे को लगातार उठाया है और प्रदेश में दो बार ह्मछुआ एससी संवैधानिक अधिकार यात्राह्न का आयोजन किया है। अब इन रैलियों के माध्यम से मझवार आरक्षण के मुद्दे को निर्णायक स्तर तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी प्रमुख मांगों को बिंदुवार रखते हुए विस्तार से प्रस्तुत किया है, ताकि समाज के अधिकारों और समस्याओं को मजबूती से सामने लाया जा सके। केवट, मल्लाह, बिंद, मांझी, कहार, धीवर, बाथम और कश्यप जैसी जातियों को पूर्व से अंकित मझवार और तुरैहा श्रेणी के अंतर्गत अनुसूचित जाति (एससी) में शामिल किया जाए। पार्टी का तर्क है कि ये सभी समुदाय सामाजिक, आर्थिक और पारंपरिक रूप से एक ही वर्ग से जुड़े हैं, इसलिए इन्हें समान संवैधानिक अधिकार मिलना चाहिए। मछुआ समाज को पहले नदी, बालू खनन और पुश्तैनी घाटों पर आसामी दर्ज के साथ अधिकार प्राप्त थे। किन्तु पूर्व की सरकारों द्वारा इन पारंपरिक अधिकारों को समाप्त कर दिया गया। उत्तर प्रदेश में वर्ग-3 की भूमि मछुआ समाज के लिए आरक्षित थी और उन्हें आसामी दर्ज प्राप्त था, क्योंकि समाज का 80: से अधिक हिस्सा भूमिहीन है। इसके बावजूद पूर्व सरकारों ने यह अधिकार समाप्त कर दिया।

निषाद पार्टी की मांग है कि इस भूमि को पुन: समाज के लिए आरक्षित किया जाए, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका मिल सके। भारत सरकार के आदेशानुसार मछुआ समाज की कई उपजातियों को, क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के पीड़ित होने के कारण, विमुक्त जाति एवं जनजाति के अधिकार प्राप्त थे। किन्तु वर्ष 2013 में समाजवादी पार्टी सरकार द्वारा इन लाभों को समाप्त कर दिया गया। पार्टी की मांग है कि इन अधिकारों को पुन: लागू किया जाए, जिससे समाज को न्याय मिल सके। इन सभी मांगों के माध्यम से निषाद पार्टी समाज के अधिकार, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक आंदोलन खड़ा करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके साथ ही, पार्टी वर्ष 2022 से अब तक प्रदेश की सरकार में भागीदारी के बाद मछुआ/निषाद समाज को मिले वास्तविक लाभों का मुद्दा भी जनता के बीच उठाएगी। विशेष रूप से मत्स्य विभाग में प्रतिनिधित्व मिलने के बाद। यह पहल न केवल विपक्ष को जवाब देने का प्रयास है, बल्कि स्वयं को समाज का सशक्त प्रतिनिधि सिद्ध करने की रणनीति भी है। इन प्रस्तावित रैलियों के साथ-साथ निषाद पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपनी संगठनात्मक मजबूती को और सुख्रढ़ करने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने प्रदेश के सभी 88 संगठनात्मक जिलों में प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। यह निर्णय जमीनी स्तर पर संगठन को अधिक सक्रिय, संगठित और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे कार्यक्रमों के बेहतर समन्वय के साथ-साथ जनसंपर्क और चुनावी तैयारियों को भी नई गति मिलेगी। इन रैलियों का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य शक्ति प्रदर्शन भी है। निषाद पार्टी इन आयोजनों के माध्यम से यह संदेश देना चाहती है कि प्रदेश में उसका मजबूत जनाधार है और वह राजनीतिक समीकरणों में निर्णायक भूमिका निभाने की क्षमता रखती है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और अन्य दलों के साथ संभावित गठबंधन एवं राजनीतिक समीकरणों पर भी प्रभाव पड़ेगा। पूर्वांचल में मजबूत पकड़ और पश्चिम उत्तर प्रदेश में विस्तार की योजना के साथ पार्टी पूरे प्रदेश में स्वयं को एक सशक्त और निर्णायक राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। आगामी चुनावों में इस रणनीति की सफलता प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# उदयपुर से दिल्ली तक 15 अप्रैल से निकालेंगे पदयात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उदयपुर के दर्जी कन्हैया लाल साहू हत्याकांड पे उदयपुर फाइल्स बनाई थी, जिससे देश के लोगो में न्याय के लिए जनजागरण हुआ था,

अब उन्होंने यह तय किया है कि 15 अप्रैल 2026 से हजारों लोग कन्हैया लाल के निवास स्थान उदयपुर से अपनी पदयात्रा शुरू करेंगे और उसके 15 दिन बाद 30 अप्रैल 2026 को दिल्ली आकर मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत के नाम ज्ञापन देंगेस इन 15 दिन और 15 रातों में हम राजसमंद, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, कोठपुतली, अलवर, रेवाड़ी, महिंद्रगढ़, गुरुग्राम आदि जनपदों को पार करेंगे और राजस्थान एवं हरियाणा के उक्त जिलों में ही यात्रा के पड़ाव भी रहेंगे। कार्यक्रम के पड़ाव के लिए हमारे पास वेनिटी से लेकर टेंटो तक की व्यवस्था रहेगी जो अस्थाई रूप से कहीं भी तम्बू गाड़ के रात्रि प्रवास में मददगार होगी। लगभग 50-100 गाड़ियां और हजारों लोगो के इस न्याय मार्च की दुरी लगभग 700 किलोमीटर है, किन्तु यहां मन में एक चिंता है कि भारत सरकार द्वारा ल श्रेणी सुरक्षा जो मुझे दी गई है एक तो वो थ्रेट लेवल से बहुत ही कम है दूसरा वो सिर्फ दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लिए प्रद्भुत है ऐसे में 15 दिन तक बिना सीआरपीएफ के रात दिन सडक पे हजारों लोगो के बीच कौन आतंकवादी घुस आये.. कौन देश विरोधी या कटटरवादी कन्हैया लाल या सलीम वास्तिक की तरह गला काटने को दौड़ पड़े या कौन भेष बदलकर भीड़ में घुसकर बगल से सटाकर गोली या चाकू से हमला कर दे कुछ कहा नही जा सकता, वैसे भी आम आदमी पार्टी के मेयर को पंजाब में मार दिया गया है और फारुख अब्दुल्ला पे छैळ सुरक्षा के बावजूद कातिलाना हमला किया गया है, मुझे तो वैसे भी गोली और चाकू से मारने से ज्यादा धमकियां तो बम से उडाने की मिलती है 15 अप्रैल से न्याय पदयात्रा तय है।

# बागपत में नवरात्र के पहले दिन बेटियों का होगा सम्मान, 'नन्ही कली' को मिलेगी पहचान

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की मंशा के अनुरूप नवरात्र के पहले दिन बागपत में बेटियों के सम्मान और सशक्तीकरण का एक अनूठा उदाहरण देखने को मिलेगा।

छह बार की बॉक्सिंग विश्व चौंपियन मैरीकॉम 'नन्ही कली' कार्यक्रम में शामिल होकर बेटियों को सम्मानित करेंगी। गांव की महिलाओं द्वारा रिसाइकिल प्लास्टिक से तैयार की गई गुड़िया 'नन्ही कली' इस पहल का केंद्र है। इसके जरिए पर्यावरण संरक्षण, महिला आत्मनिर्भरता और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे योगी सरकार के अभियानों को नई मजबूती मिलेगी। बबनवरात्र में नारी शक्ति का सम्मान, योगी सरकार के विजन को बल मिलेगा। नवरात्र को नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में मनाने की तैयारी है। ऐसे में 'नन्ही कली' पहल सीधे तौर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तीकरण से जुड़ रही है।

यह कार्यक्रम सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मिशन शक्ति अभियान को और मजबूती देगा। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि इस गुड़िया की खासियत है कि इसमें रुई या स्पंज की जगह बेकार प्लास्टिक बोतलों से बने बारीक फाइबर का उपयोग किया गया है। यह न सिर्फ प्लास्टिक कचरे की समस्या का समाधान है।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# छह साल से फरार गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

### पहचान छिपाकर रहा था नजीबाबाद में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बछरायूँ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब 6 साल से फरार चल रहे शातिर गैंगस्टर और वारंटी शरीफ को बिजनौर जिले के नजीबाबाद से गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि अभियुक्त शरीफ नजीबाबाद के मोहल्ला तुलसीगढ़ी में पहचान छिपाकर रह रहा है। इस पर टीम ने वहां दबिश देकर उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए कई सालों से ठिकाना बदलकर रह रहा था। पुलिस के अनुसार, शरीफ बछरायूँ के मोहल्ला शेखजादगान का रहने वाला है और उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। वह लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफ धारा 82/83 के तहत कुर्की की कार्रवाई भी चल रही थी। वर्ष 2020 से वह फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस ऑपरेशन में उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह और कांस्टेबल जीशान की भी अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अवैध भट्टों पर चला प्रशासन का डंडा

### फायर बिग्रेड से बुझवाई आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शासन के सख्त निर्देश पर मंगलवार को क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आदेश पर राजस्व और प्रदूषण विभाग की टीम ने कई गांवों में छापेमारी कर बिना अनुमति चल रहे भट्ठों को बंद करा दिया।

नायब तहसीलदार योगेश कुमार और जिला प्रदूषण अधिकारी सुरेश कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में टीम शाहपुर रझेड़ा और मलकपुर भूर शुमाली गांव पहुंची। यहां जांच में सामने आया कि कई भट्ठे बिना प्रदूषण विभाग की एनओसी और बिना रॉयल्टी जमा किए चलाए जा रहे थे। पहले भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन संचालकों ने नियमों को नजरअंदाज किया। इस पर टीम फायर ब्रिगेड और जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची। जिन भट्ठों के कागज सही नहीं मिले, उनकी आग तुरंत बुझवा दी गई। साथ ही जेसीबी से भट्ठों की चिमनियों और कुछ हिस्सों को तोड़कर संच. ालन रुकवा दिया गया। नायब तहसीलदार योगेश कुमार ने साफ कहा कि नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बिना अनुमति और रॉयल्टी के भट्ठा चलाना अपराध है और आगे भी ऐसे लोगों पर कार्रवाई जारी रहेगी। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके के अन्य भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया। कई लोग मौके से भाग निकले। प्रदूषण अधिकारी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण से खिलवाड़ और सरक. ारी राजस्व की चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# दिनदहाड़े हुई छिनैती का पुलिस ने किया खुलासा

### युवक गिरफ्तार, नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शहर में दिनदहाड़े हुई छिनैती की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से छीनी गई रकम में से 4600 रुपये बरामद हुए हैं, जबकि पूछताछ में उसने मंदिरों के दानपात्र से चोरी की घटनाएं भी कबूल की हैं।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अल्हेदादपुर कलां निवासी महाराज सिंह सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अमरोहा शहर में लकड़ा चौराहे पर चुना भट्टी से सामान खरीदने आए थे। उनके थैले में करीब 5000 रुपये थे। खरीदारी करते समय एक युवक उनका थैला छीनकर फरार हो गया था। शोर सुनकर जमा लोगों ने आरोपी की पहचान मोहल्ला किशनगढ़ निवासी प्रिंस के रूप में की थी। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से छीनी गई रकम में से 4600 रुपये बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धाराओं की बढ़ोत्तरी की है। एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के आरजू एन्कलेव और अमरोहा ग्रीन कॉलोनी स्थित मंदिरों के दानपात्र से रुपये चोरी करने की घटना स्वीकार की है। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# पहले दिन सबसे तेज दौड़े लवकुश व आंचल

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रमाबाई आंबेडकर महाविद्यालय के वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के 30 वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0एमए गौरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित करके किया।

शुभारंभ के पश्चात छात्रा शिवानी एवं वैष्णवी कौशिक ने सरस्वती वन्दना तथा गौरांशी एवं मानसी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, फिर मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार एवं उपस्थित निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा मार्चपास्ट की सलामी ली गयी। महाविद्यालय के पूर्व छात्र चैम्पियन लवकुश द्वारा खेल भावना की शपथ दिलाई और मशाल दौड़ की शुरूआत की। पूर्व विधायक हरपाल सिहं ने कहा कि खेल हमारे जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं। आज खेलों में करियर की अपार संभावनाएं हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए सतत प्रयासरत है। प्राचार्य एमए गौरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन सचिव डॉ.नेहा अग्रवाल ने सभी छात्र/छात्राओं को खेल भावनाओं से प्रेरित होकर अपना एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रथम दिवस के खेलों में छात्र वर्ग में 200 मीटर दौड़ में राजेश, ऊंची कूद में नवनीत कौशिक, 400 मीटर दौड़ में लवकुश, गोला प्रक्षेपण में मनीष कुमार, चक्का प्रक्षेपण में निशान्त कुमार व 1500 मीटर दौड़ में लवकुश प्रथम रहे। वहीं छात्रा वर्ग में 200 मीटर दौड़, भाला फेंक व ऊंची कूद में उदीशा, 400 मीटर में आंचल, गोला प्रक्षेपण में पिंकी, चक्का प्रक्षेपण में प्रियांशी व 1500 मीटर दौड़ में आंचल प्रथम रहे। संचालन डॉ.श्वेता अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में डॉ.अजीता रानी, डॉ.मनमोहन वर्मा, डॉ. अनिल कुमार, डॉ.रिनू गिल, मेराज हसन, सत्यभान सिंह, चमन सिंह, हरपाल सिंह, सुनील कुमार, शशी देवी, धर्मेन्द्र कुमार एवं कुलदीप कुमार के साथ-साथ निर्णायक मण्डल देवेन्द्र कुमार, डॉ. संजीव सागर, डॉ.रामौतार, डॉ.रो. हताश एवं विजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# आरपीएफ व पीएसी ने निकाला फ्लैगमार्च

### आमजन को दिलाया सुरक्षा का अहसास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मंगलवार शाम एसपी अमित कुमार आनंद व सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में आरएएफ, पीएसी और पुलिस बल ने अमरोहा शहर में पैदल मार्च किया। जिसका उद्देश्य आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाना रहा।

पैदल मार्च के दौरान टीपी नगर, कोट चौराहा, मेन बाजार, कोतवाली क्षेत्र, बड़ा बाजार, छंगा दरवाजा, जामा मस्जिद और नल चौराहा, बटवाल समेत शहर के प्रमुख भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस ने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया, शांति और सौहार्द के साथ एक-दूसरे के त्योहार मनाने की अपील की। एसपी ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है, साथ ही सोशल मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। एसपी ने अधीनस्थों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और संवेदनशील क्षेत्रों पर खास नजर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ सदर अघ्र्घभिषेक यादव, कोतवाल सुनील कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### बछरायूं पालिका में सभासदों का मनोनयन

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** नगर पालिका परिषद बछरायूं के लिए शासन ने मनोनीत सभासदों की सूची जारी कर दी है। इसमें क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं और अनुभवी लोगों को जगह दी गई है, जिससे नगर के विकास कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जारी सूची के अनुसार राहुल आर्य, सुरेश सैनी, चन्द्रपाल सिंह, अरुण रस्तोगी और शेख चरागउद्दीन को सभासद मनोनीत किया गया है। नाम सामने आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य (एडवोकेट) ने सभी नवनियुक्त सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि इनके जुड़ने से नगर में जनहित के काम तेजी से होंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक आसानी से पहुंचेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सभासद ईमानदारी से काम करते हुए नगर के विकास में योगदान देंगे। वहीं, नवनियुक्त सभासदों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे नगर की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कराने और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। घोषणा के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### बिना फिटनेस के दौड़ रही स्कूल बस पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** परिवहन विभाग ने अभियान चला कर अवैध रूप से संचालित स्कूल की मिनी बस को अपनी गिरफ्त में ले लिया। मंगलवार को एआरटीओ महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ अभियान चलाना शुरु कर दिया। परिवहन विभाग ने बिना फिटनेस के सड़क पर दौड़ रही एक मिनी स्कूली बस को जब्त कर लिया।आईआरटीओ ने भगवती मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज की बच्चों से भरी मिनी बस को रोक लिया तथा उसके कागजात मांगे तो ड्राइवर मौका देखकर वहां से फरार हो गया। एआरटीओ ने बताया कि बिना फिटनेस के स्कूली बस को सड़क पर दौड़ाया जा रहा था। ऐसे वाहन बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी चलता रहेगा। परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से अवैध रूप से स्कूलों में वाहनों का संचालन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में चौधरपुर के पास सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान अरबिंद निवासी फत्तेहपुर जिवाई के रूप में हुई है। बताया गया कि अरबिंद मंगलवार शाम पाकबड़ा से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान चौधरपुर के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

### अवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन ने स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने व आवारा पशुओं से फसलों को सुरक्षित किए जाने की मांग की। मंगलवार को कलेक्ट्रेट मे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत हुई।राष्ट्रीय महासचिव चौधरी उम्मेद सिंह ने कहा कि स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट और एम एस पी गारंटी कानून को जल्द लागू किया जाए।आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को सुरक्षित किया जाए।पंचायत में अधिकारियों से किसानों की समस्याओं पर विचार कर उनके समाधान की मांग की गई।इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष चौधरी कामेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह,महिपाल सिंह,बलविंदर सिंह, योगेंद्र, दिनेश चौहान,अजब सिंह, आदेश कुमार,हेमेंद्र, राजवीर ,जितेंद्र सिंह चौहान व रवींद्र सिंह शामिल रहे।

### सांसद ने ट्रेनों के ठहराव की मांग उठायी



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह ने नगर के रेलवे स्टेशन पर फैजाबाद व रानीखेत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग उठायी। सांसद ने अमरोहा रेलवे स्टेशन पर 14205-14206 फैजाबाद एक्सप्रेस और 15013-15014 रानीखेत एक्सप्रेस के कम से कम दो मिनट के ठहराव की मांग की है। उनका कहना है कि इससे अयोध्या धाम और राजस्थान के बालाजी धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी, साथ ही पर्यटन और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने गढ़ विधानसभा क्षेत्र में फरीदपुर-सिंभवाली रेलवे फाटक पर अंडरपास, कुसेरा चौपला रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज तथा धनौरा क्षेत्र के गजरौला स्थित भानपुर क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की आवश्यकता बताई। उन्होंने केंद्रीय बजट 2025-26 की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

# रिवाल्वर से निकली गोली से युवक की मौत

### सफाई करते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** लाइसेंसी रिवाल्वर की सफाई करते समय अचानक गोली चलने से प्रधान के इकलौते पुत्र की मौत हो गई। युवक की मौत से घर व आसपास में को. हराम मच गया। ब्लॉक हसनपुर क्षेत्र के एक गांव की प्रधान परिवार सहित नगर के एक मोहल्ले में रहती हैं। मंगलवार की सुबह उनका पुत्र पिता के रिवाल्वर की सफाई कर रहा था। इस दौरान अचानक लोड हुआ रिवाल्वर चल गया। गोली युवक के सीने पर लगी जिससे खून का फवारा बाहर को निकल आया। गोली चलने की आवाज सुनकर प्रधान व परिवार के लोग खून से लथपथ युवक को निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंच गये। चिकित्सक ने युवक की गम्भीर हालत देखकर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जैसे ही यह खबर घर व गांव में पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। बताया जाता है युवक प्रधान का इकलौता पुत्र था चार माह पहले उसकी शादी हुई थी। कुछ ही देर में प्रधान के घर पर भारी संख्या में आसपास के गांवों की भी भीड़ पहुंच गई। प्रधान के इकलौते पुत्र की मौत होने से परिवार का रोना बिलखना किसी से देखा नहीं जा रहा था। बिना कॉलोनी कार्रवाई किये हुए युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# पालिका के एबीसी सैंटर का शुभारंभ

### बढ़ती निराश्रित कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने में मिलेगी मद्द



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका द्वारा शहर में निराश्रित पशुओं (कुत्तों) के लिए एबीसी. सेंटर (एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर) का शुभारम्भ ईओ डा. बृजेश कुमार ने किया।

उन्होंने बताया कि इस केंद्र पर नगर के आवारा कुत्तों को पकड़कर वैज्ञानिक पद्धति से शल्य चिकित्सा द्वारा उनका बंध्याकरण किया जाएगा, साथ ही उनके भोजन, आश्रय और चिकित्सा देखभाल की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी। उपनगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा नगरों में बढ़ती निराश्रित कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने तथा उनके संरक्षण व देखभाल के लिए ऐसे सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी के आदेश पर अमरोहा नगर पालिका ने अहरोई क्षेत्र में भवन चयनित कर जनपद अलीगढ़ की स्वयंसेवी संस्था "जीवदया फाउंडेशन" से अनुबंध किया है, जो इस सेंटर का संचालन करेगी। पालिका की इस पहल से न केवल शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण किया जा सकेगा, बल्कि इन पशुओं को सुरक्षित आश्रय, भोजन और उपचार भी मिलेगा। अब प्रतिदिन एक वार्ड में अभियान चलाकर निराश्रित कुत्तों को पकड़कर सेंटर लाया जाएगा और उनका बंध्याकरण किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर सभासद अंकित गुप्ता, अंकित धारिवाल, अजय चौहान आदि मौजूद रहे।

# रमज़ान माह में नाज़िल हुआ कुरआनः हाशिम

### बिलाल मस्जिद में तरावीह में कुरआन मुकम्मल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाफिज मोहम्मद हाशिम ने कहा रमजान मे तराबीह पढ़ना सुन्नत ए मुआकद्दा है। इसे पढ़ना बहुत ज्यादा सवाब है। रमजान के महीने में कुरान नाजिल हुआ,इस महीने की ताक रातों मे शबे कद्र मिलती है,जो हजार रातों से अफजल है।

बीती रात मोहल्ला कटकुई स्थित हिरन वालियान फाटक स्थित बिलाल मस्जिद में तराबीह की नमाज में कुरान मुक्कमल हुआ।हाफिज मोहम्मद हाशिम ने कुरान की फजीलत बयान करते कहा कि रमजान के महीने मे कुरान नाजिल हुआ। रमजान में एक नेकी के बदले 70 नेकियों अमाल मे जुड़ती है,यह महीना अल्लाह का है।जिसमें की जाने वाली इबादत का अजर भी अल्लाह से मिलेगा।आखिर मे मुल्क मे अमन चैन कौम की सलामती, खुशहाली की दुआ की गई। स्थानीय लोगो ने हाफिजों की गुलपोशी भी की। इस दौरान डॉ, बब्बन सिद्दीकी, हाफिज आसिम, नावेद, शाह अली, शानदार, फहीम, नदीम, सिकंदर अली आदि मौजूद रहे।

# हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

### दो सप्ताह पहले हुआ था घायल, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** दो सप्ताह पहले सड़क हादसे में घायल ग्रामीण की मौत हो गयी। मृतक की पत्नी सोना की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार एक मार्च की शाम साढ़े 5:30 बजे के आस-पास थाना क्षेत्र के गाँव गंगापुरी निवासी राजबीर कुमार पुत्र हरकिशन सिंह बाइक से घर लौट रहे थे। जब वे सिहाली गौसाई गांव मे पहुंचे तो दूसरे बाइक चालक गौरव पुत्र नौवाहर सिंह ने टक्कर मार दी थी, जिससे राजबीर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका उपचार दो दिन जीवन 24 अस्पताल चौधरपुर में चला, जिसके बाद उन्हें मेरठ रैफर किया गया। वहां पर ती मार्च को राजबीर की मौत हो गयी थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी बाइक चालक गौरव पुत्र नौवाहर सिंह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज की है।

# मधु चतुर्वेदी हिन्दी सलाहकार समिति का सदस्य नामित

### विश्वविद्यालय में हुआ सम्मान समारोह



**अमरोहा।** श्री वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय की संस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्षा प्रोफेसर मधु चतुर्वेदी को राज्यपाल द्वारा हिन्दी सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। आज विश्वविद्यालय में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने इसे केवल व्यक्तिगत उपलब्धि न बताते हुए मातृशक्ति के सम्मान और गौरव का प्रतीक बताया। प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि प्रो. चतुर्वेदी द्वारा रचित महाकाव्य "देवयानी" विश्व का पहला ऐसा महाकाव्य है जिसे किसी महिला ने रचा है और विश्वविद्यालय इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है। कार्यक्रम में जिनमें प्रो. आर.एस. शर्मा, डा. राजेश सिंह, डा. एस.के. श्रीवास्तव, डा. ओमप्रकाश गोसाई, डा. सुमन, डा. नीतू पंवार, डा. आरती, डा. ज्योति, डा. विकास पाण्डेय, डा. रीना जोशी, डा. श्रीराम गुप्ता, डा. स्नेहलता, दीक्षा, मारूफ चौधरी, एस.एस. बघेल, विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कुत्ते ने मासूम पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** कुत्ते ने छह साल के बच्चे पर हमला बोलकर घायल कर दिया। परिजनों ने सीएचसी पहुंचकर उसका उपचार कराया और एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाई। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी सोफियान पुत्र सहजाद मंगलवार को अपरान्ह के समय घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच एक कुत्ते ने उसके पैर पर हमला बोलकर घायल कर दिया। परिजनों ने सीएचसी पहुंचकर उसका उपचार कराया और एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाई। परिजनों ने बताया कि यह कुत्ता तीन दिन में दो और भी लोगों को काट चुका है।

# शासन द्वारा नामित किये गये सभासदों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर/अमरोहा।** शासन द्वारा नगर पालिका परिषद हसनपुर में पांच को नामित सभासद नियुक्त किया गया है।

नगर विकास विभाग द्वारा हसनपुर में श्रीमती मानवी त्यागी, श्रीमती ज्योति गर्ग, पंकज भटनागर, वीर सिंह एडवोकेट व अजय वाल्मीकि को नगर पालिका में नामित सभासद नियुक्त किया गया है। हसनपुर में इस बार दो महिलाओं को नामित सभासद नियुक्त किया गया है। वही तहसीलबार एसोसिएशन ने वीर सिंह एडवोकेट को नगर पालिका परिषद में नामित सदस्य मनोनीत किए जाने पर समारोह का आयोजन कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शासन द्वारा भाजपा के ईमानदार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को पालिका में नामित किया गया है। इसके अलावा पंकज भटनागर का भी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वीर सिंह एडवोकेट का स्वागत करने वालों में सुमित गुप्ता नन्हे सिंह सैनी प्रेमचंद मौर्या जाकिर अली ओमपाल गुर्जर प्रवेश कुरैशी मदन कुमार राणा संजय भड़ाना प्रेमचंद मौर्या विनय कुमार खड़क पंछी राज प्रजापति आदि मौजूद थे। उधर नगर में भाजपा नेता प्रमोद अग्रवाल, सीमा चौधरी व राजू खड़गवंशी को प्रदेश सरकार ने नगर निकाय में सदस्य नामित किया है। उधर उझारी नगर पंचायत में श्रीमति प्रीति सैनी, सतीश सागर व मनीरामपाल को सदस्य नामित किया है। इसके अलावा नौगांवा सादात में विरेन्द्र सैनी, श्रीमति उषा रानी, जिया अब्बास व श्रीमति प्रीति सैनी को सदस्य नामित किया है।

# हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। और उनके द्वारा विकास के लिए किए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा न केवल एक लोकप्रिय राजनेता थे, बल्कि वे एक कुशल प्रशासक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे।

उन्होंने अपने कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और प्रशासनिक कार्यशैली में पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता दी।



उनके द्वारा किए गए विकास के कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि बहुगुणा का जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के पौड़ी जनपद के एक साधारण परिवार में हुआ था।

प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त करने के बाद उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए प्रयागराज का रुख किया। छात्र जीवन के दौरान ही वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए और एक सक्रिय छात्र नेता के रूप में उभरे।उन्होंने बताया कि वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान प्रयागराज में छात्र नेता के रूप में बहुगुणा जी को गिरफ्तार भी किया गया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्होंने जनप्रतिनिधि के रूप में राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और प्रदेश सरकार में मंत्री, मुख्यमंत्री तथा केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बहुगुणा जी ने सामाजिक जन-जागरूकता को बढ़ाने और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया। उनके नेतृत्व में प्रदेश में कई विकासपरक योजनाएं संचालित की गईं, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग को मिला। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने प्रयागराज को एक नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आमजन के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायक जय देवी, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# संगम तट पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संगम नोज क्षेत्र में प्रात: नगर निगम प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में 'सुबह-ए-श्रमदान, स्वच्छ संगम स्वच्छता अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा स्वच्छता मित्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। अभियान के दौरान महापौर ने स्वयं सभी के साथ मिलकर मां गंगा के पावन तट एवं घाटों पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया। उन्होंने झाड़ू लगाकर एवं कूड़ा उठाकर साफ-सफाई कार्य में सक्रिय भागीदारी करते हुए स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

संगम क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री



केसरवानी ने कहा कि मां गंगा का तट हमारी आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। इसकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है और ऐसे श्रमदान अभियानों से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हम सभी मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें, तो अपने शहर, अपने घाट और अपने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकते हैं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना भी है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर निवासी एक युवक अपनी ससुराल गया था। जहां अचानक वह गंभीर बीमार हो गया। वापस अपने घर लौटने पर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में चीख- पुकार मच गई। ग्राम नसिरापुर निवासी रूपन ने बताया कि उसका बेटा मनोज उर्फ लालू 35 वर्ष शनिवार को अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ही गांव पलिया गया था। जहां दोपहर के समय अचानक हालत बिगड़ गई। रविवार को वह ससुराल से वापस घर लौटा। लेकिन सोमवार दोपहर अचानक उसकी हालत फिर से बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज हेतु ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पिता रूपन ने मौत का कारण जानने के लिए कोतवाली में तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है।

# बाथम वैश्य सभा का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाथम वैश्य सभा लखनऊ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह माधव सभागार, लखनऊ में उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के अनेक सदस्यों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने परिवार सहित भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे सभागार में रंग, उमंग और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरसरन लाल गुप्ता (चेयरमैन राजधानी नगर सहकारी बैंक) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस



अवसर पर सभा के संरक्षक रामचंद्र गुप्ता और अरुण कुमार ने कहा कि समाज की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं सभा के अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कहा कि होली मिलन जैसे कार्यक्रम समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्ख्रति से परिचित कराते हैं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनीष गुप्ता, सुभाष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान विकास, संजय, राजेंद्र गुप्ता, पीयूष गुप्ता, अजय गुप्ता, सुधीर, अनूप, मनोज , नवरतन लाल गुप्ता और प्रशांत गुप्ता ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महिला सभा की अध्यक्ष रानी गुप्ता, पिंकी गुप्ता, लता, प्रीति और शिवा ने बताया कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष प्रस्तुति हुई।इसमें गायन, नृत्य और नाटड प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने सभी का दिल जीत लिया और उन्हें पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और विशेष सहयोगकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही फूलों की होली खेलकर सभी ने इस पर्व का आनंद लिया, जिससे पूरा वातावरण रंगों और खुशियों से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने सभी अतिथियों और समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, सहयोग और एकता की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी तरह समाज को जोड़ने वाले कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर में खुलेआम जलाया जा रहा है कूडा



**प्रयागराज।** प्रदूषण की समस्या दिन प्रतिदिन भयावह होती जा रही है। इस आसन्न संकट से निपटने के लिए जिन कार्यो पर शासन प्रशासन और न्यायपालिका के द्वारा रोक लगाई गई है, उन्हीं में से एक है कूडे के ढेर को आग के हवाले न किया जाना। पर नगर निगम के कर्मचारियों के द्वारा खुलेआम इस प्रतिबंध को ठेगा दिखाया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रयागराज की आब हवा बेहद चिंताजनक स्थिति में है। इस बात से जन जन को अवगत कराने के लिए नगर निगम और यातायात प्रशासन द्वारा हर रोज प्रचारित किया जा रहा है कि इस संकट से उबरने के लिए कूडे में आग न लगाकर उसे निर्धारित स्थान पर जमा करें और वाहनों का इस्तेमाल जरूरत पडने पर ही किया जाए। पर स्वच्छ प्रयागराज की जिम्मेदारी जिनके कंधे पर है, वे अपने कार्यो को कम करने के लिए जगह जगह कूडा एकत्रित करने के बाद उसे आग के हवाले कर दे रहे हैं। इसकी बानगी के लिए काफी है पन्ना लाल रोड पर कूडे में लगाई गई आग।

### नगर पालिका परिषद को मिले पांच नामित सभासद

**बांगरमऊ।** भाजपा जिला नेतृत्व की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा नगर पालिका परिषद बांगरमऊ में पांच सभासदों का मनोनयन किया गया है । मनोनीत सभासदों में नगर के मोहल्ला संडीला रोड निवासी देवेंद्र पटेल पुत्र श्रीपाल, मोहल्ला पंजाबी टोला निवासी सावित्री पत्नी सुंदरलाल, मोहल्ला न्यू कटरा निवासी विमल शुक्ला पुत्र प्रयाग नारायण शुक्ला, मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी अवधेश गुप्ता पुत्र सत्यनारायण गुप्ता तथा प्रदीप गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद गुप्ता शामिल हैं। सभासदों के मनोनयन की सूचना मिलते ही समर्थकों और शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की सक्रियता और नगर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। इनके मनोनयन पर विधायक श्रीकांत कटियार, डॉ नीरज गुप्ता, बाला राव गुप्ता, राकेश गुप्ता, चौधरी प्रमेश सिंह गुड्डू, पूर्व प्रमुख हरीश वर्मा, गिरीश वर्मा तथा जयपाल आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी मनोनीत सभासदों को शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने आशा जताई कि नवमनोनीत सभासद नगर पालिका परिषद के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उधर भाजपा जिला नेतृत्व की संस्तुति पर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा नगर पालिका परिषद में पांच सभासदों के मनोनयन के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मनोनीत किए गए पांचों सभासदों में दलित समुदाय का एक भी प्रतिनिधि शामिल न होने पर दलित नेताओं ने कड़ी नाराजगी जताई है। पूर्व सभासद दलित नेता सुनील कुमार गौतम ने इसे सामाजिक न्याय और समावेशी प्रतिनिधित्व की अनदेखी बताया है। उनका कहना है कि नगर पालिका और नगर पंचायत में सभी वर्गों को सम्मानजनक भागीदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत गंज मुरादाबाद, फतेहपुर 84, ऊगू तथा कुरसठ में भी दलित समुदाय को प्रतिनिधित्व से वंचित रखा गया है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व और प्रशासन से इस निर्णय पर पुनर्विचार कर दलित समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।

### सद्भावना का संदेश देती है इफ्तार पार्टी: शहंशाह

**जगदीशपुर अमेठी।** सद्भावना का संदेश देता है इफ्तार पार्टी उक्त बातें हाफिज शहंशाह ने रोजा इफ्तार पार्टी के दौरान अशरफी मस्जिद में कही जगदीशपुर स्थित पूरे गौहर अशरफी मस्जिद में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया इफ्तार पार्टी के दौरान हाफिज शहंशाह ने कहा कि रमजान माह भूख प्यास एहसास के अलावा गरीबो की मदद करने की सीख देता है यह माह रहमत बरकत व मगफिरत का है ।इस माह में फितरा व जकात के माध्यम से गरीबो की मदद होती है ।इफ्तार पार्टी के माध्यम से सद्भावना का मौका मिलता है जिसमे हिन्दू मुस्लिम मिलकर एक साथ इफ्तार कर गंगा जमुनी तहजीब को बल मिलता है और वहीं गोड़वा स्थित हजरत बाबा सहामत शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर भी रोजा इफ्तार का आयोजन अब्दुल खालिक उर्फ कल्लू खान की जानिब से किया गया जहां हजारों की तादात में लोगों ने इफ्तार किया ।इस मौके पर सूफी सईद अशरफी मौलाना सलमान अशरफी प्रधान अतीक अहमद ताज मोहम्मद कुरैशी तौफीक कुरैशी अय्याज कुरैशी तसलीम खान राशिद खान रैहान सुल्तानपुरी अब्दुल खालिक उर्फ कल्लू खान मजीद खान अब्दुल रब अन्सारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में बवाल, डाक्टरों व तीमारदारों में मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में तीमारदारो और डॉक्टरो के बीच बवाल हो गया जिसमें जमकर खींचतान हुई और इस दौरान खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मरीज के तीमारदारों और डॉक्टरों के बीच विवाद हो गया। विवाद में देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया।

गंभीर रूप से बीमार मरीज को इलाज के लिए अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल रहा था, जिससे वे नाराज हो गए। उन्होंने डड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ से तीखी बहस हो गयी ।वहीं अस्पताल प्रशासन और मेडिकल स्टाफ का कहना है कि मरीज की स्थिति के अनुसार उपचार की प्रक्रिया अपनाई जा रही थी और किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही थी। लेकिन तीमारदारों ने जल्दबाजी और गुस्से में स्थिति को बिगाड़ दिया। लोहिया अस्पताल में बवाल की तस्वीर देखते ही देखते बहस ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इमरजेंसी वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों और उनके परिजनों में डर का माहौल बन गया। कई लोग अपनी सुरक्षा के लिए बाहर की ओर भागे, जबकि कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वहां पर मौजूद लोगों के अनुसार, गुस्साए तीमारदारों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। इस दौरान इमरजेंसी गेट का शीशा तोड़ दिया गया, जिससे कांच के टुकड़े चारों तरफ फैल गए। इस घटना से वहां मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और किसी बड़े हादसे की आशंका भी पैदा हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। यह मामला विभूति खंड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर इस प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि क्या अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त है।

# बाइकों की भिड़ंत में घायल पत्नी की इलाज के दौरान मौत

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर करीब छह दिनों पूर्व तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच भिड़ंत हो गई थी। हादसे में बाइक सवार और उसकी पत्नी गंभीर घायल हो गई थी।

बीते सोमवार को हैलट कानपुर में इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। जिला कन्नौज के थाना गुरसहायगंज अंतर्गत ग्राम हंस पुरवा निवासी कमलेश बीते 11 मार्च को अपनी पत्नी प्रीति 23 वर्ष के साथ बाइक के जरिए बांगरमऊ से कन्नौज जा रहा था।

तभी रास्ते में बांगरमऊ - बिल्हौर मार्ग पर पीछे से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक ने कमलेश की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में पति पत्नी दोनों गंभीर घायल हो गए थे। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने नाजुक हालत के चलते घायल प्रीति को जिला अस्पताल और वहां से हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान बीते सोमवार को प्रीति की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। कोतवाल अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# वन माफिया काट रहे प्रतिबंधित वृक्ष

**गोंडा।** जनपद के थाना कौड़िया क्षेत्र में वन माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि वन विभाग और पुलिस की कथित मिलीभगत के चलते प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान धड़ल्ले से जारी है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

बताया जा रहा है कि विकास खंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत बिरवा के मजरा कंजहीपुरवा (बिरवा घाट) के पास नानबच्चा नामक व्यक्ति का हरा-भरा आम का पेड़ वन माफियाओं द्वारा काटकर धराशायी कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने के बजाय मौन साधे हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कौड़िया- कटरा-कर्नलगंज मार्ग समेत अन्य प्रमुख रास्तों पर हरे-भरे पेड़ों की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां बेखौफ होकर निकलती रहती हैं।

# लाखों के जेवरात चोरी का खुलासा, तीन को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** थाना सरायइनायत पुलिस ने 70 लाख रुपये के आभूषण चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

उनके कब्जे से चोरी हुए पीली व सफेद धातु के कीमती जेवरात बरामद किए गए हैं। घटना 9-10 मार्च 2026 की है, जब रामापुर निवासी विनय कुमार सोनी अपने परिवार के साथ शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे जेवरात चोरी कर लिए।



पीड़ित की तहरीर पर थाना सरायइनायत में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए यश सोनी, आर्यस सोनी और आदित्य सोनी को नसीरापुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी ज्वेलरी कारीगर हैं और घर की एक युवती के माध्यम से उन्हें घर खाली होने की जानकारी मिली थी। आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया और चोरी के जेवरात को नसीरापुर अंडरपास के पास छिपा दिया था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं बढ़ाते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गैस सिलिंडर की किल्लत बरकरार, प्रशासन की घोषणा हवाहवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रसोई गैस की आपूर्ति अभी तक पूरी तरह पटरी पर नहीं लौटी है।

लगातार पांचवे दिन चन्द्रा गैस एजेन्सी के उपभोक्ताओं की लाइन पत्थर गिरिजा घर स्थित धरना स्थल के पास लगी रही। घंटों लंबी लाइन में लगने के बाद ही लोगों को गैस सिलिंडर मिल पाया। ज्यादा समस्या उन उपभोक्ताओं को हो रही हैं जिनके गैस सिलिंडर के पासबुक गायब हो चुके हैं। उन्हें अपना कनेक्शन नंबर पता करने के लिए एजेंसियों का चक्कर काटना पड़ रहा है। रसोई गैस के लिए लगी भीड़ के आगे उनकी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। उपभोक्ता अमरेंद्र



कुमार ने बताया कि इंडेन गैस कंपनी का उनके घर में दो कनेक्शन हैं। तीन-चार साल से बिना बुकिंग किए ही हॉकर घर गैस पहुंचा देते थे। आसानी से गैस मिलने के कारण पासबुक की कभी जरूरत ही नहीं पड़ी। अब बिना बुकिंग के गैस नहीं मिल रहा है। पासबुक भी घर में तलाशने पर नहीं मिल पाया है। सप्ताह भर से एजेंसी का चक्कर काट रहे हैं लेकिन कनेक्शन नंबर बताने वाला कोई नहीं है। लंबी कतार में लगे अधिकांश लोगों ने बताया कि गैस सिलिण्डेरों की कालाबाजारी की जा रही है। मुंहमांगी रकम लेकर गैस दी जा रही है। इसके चलते ही परेशानी बनी हुई है। साथ ही प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली को लेकर लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शासन के निर्देशों की खानापूरी जुबानी की जा रही है, जो भी प्रशासन के द्वारा कहा जा रहा है, वह सच्चाई से कोसो दूर है।

# दो करोड़ के कार्य का मांगा प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** ब्लॉक सभागार में होलागढ़ क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख राम फकीर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बताया गया कि 87 लाख से अधिक के विकास कार्य कराया गया है।

इनमें कुछ कार्य प्रगति पर है। अग्रिम धनराशि के रूप मे 22 लाख की किस्त प्राप्त हो चुकी है।

इसके अलावा दो करोड़ के कार्य का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया।लघु सिंचाई विभाग रविशंकर ने बताया कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, सोलर पैनल, सोलर पंपिंग सेट योजनाओं के बारे में बताया। खंड विकास अधिकारी कविता तिवारी ने बताया कि यदि कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराता तो तत्काल करवा लें। कार्यक्रम का संचालक एडीओ ऋषि मनीष अग्रहरि ने किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने सदस्यों से कहा कि जल निकासी कि यदि समस्या हो तो प्रस्ताव जरूर दें। इस मौके पर दिनेश चौरसिया, राकेश पांडेय, राधाकांत शुक्ल और बुंदेल सिंह आदि लोग रहे।

सूचना

प्रयागराज ( इलाहाबाद ) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

( प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 9415351850

कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर ( नवादा ), प्रयागराज

email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

# बिना केवाईसी व ओटीपी नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर, अफवाहों पर प्रशासन सख्त

## भावना भारत गैस एजेंसी पर प्रशासन की मौजूदगी में गैस वितरण, कई बार हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में गैस सिलेंडर को लेकर उठ रहे विवाद और बार-बार हो रहे हंगामों के बीच प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बिना केवाईसी व ओटीपी कराए नहीं मिलेगा गैस कासिलेंडर। व्यवस्था लागू कर दी है। पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह व कंपनी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई कमी नहीं है, बल्कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। प्रशासन के अनुसार अब किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर तभी दिया जाएगा, जब वह अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी बताएगा। बिना ओटीपी के सिलेंडर वितरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य कालाबाजारी, अनियमित वितरण और फर्जी तरीके से सिलेंडर उठाने पर रोक लगाना है। ज्ञात हो कि बीते दिनों कुछ गैस एजेंसियों पर निर्धारित समय से पहले, अधिक कीमत पर सिलेंडर देने और सही उपभोक्ताओं को गैस न मिलने की शिकायतें सामने आई थीं। इन मामलों को लेकर कई बार उपभोक्ताओं ने एजेंसियों पर हंगामा भी किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। इन्हीं हालातों को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए ओटीपी प्रणाली लागू की है।




ताकि हर सिलेंडर सही उपभोक्ता तक पहुंचे और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तुरंत रोक लगाई जा सके। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे गैस की किल्लत जैसी अफवाहों पर ध्यान न दें और अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर को चालू रखें। यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें। प्रशासन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से न केवल वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित होगा।

# ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या से चन्दौसी में जाम की समस्या गंभीर

**चन्दौसी।** शहर में लगातार बढ़ती ई-रिक्शाओं की संख्या के चलते जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। अनुमानित तौर पर शहर में 5 हजार से अधिक ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। स्थिति यह है कि यदि कुछ मिनटों के लिए भी यातायात रुक जाए तो सड़कों पर ई-रिक्शाओं की लंबी कतारें लग जाती हैं। हालांकि प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्ड तैनात हैं तथा 35ए रेलवे फाटक पर भी पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं, इसके बावजूद जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। शहर की सड़कों के चौड़े होने के बावजूद वाहन चालकों द्वारा मनमाने ढंग से वाहन खड़ा करने और बीच सड़क से ही वाहन मोड़ने के कारण यातायात बाधित होता है। मंगलवार को फव्वारा चौक से संयुक्त चिकित्सालय तक जाम की स्थिति बनी रही, जहां पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। कई स्थानों पर ई-रिक्शाओं की तीन-तीन लाइनें लग जाने से सड़कें संकरी प्रतीत होती हैं। वहीं एस.एम. कॉलेज के आसपास परीक्षा समाप्त होने के बाद वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। प्रशासन द्वारा कई बार ई-रिक्शाओं के लिए वनवे रूट लागू करने का प्रयास किया गया, लेकिन इसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो सका। परिणामस्वरूप आम नागरिकों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।



## एक नजर



### एसडीएम से मिले व्यापारी व भाजपा पदाधिकारी, गैस सिलेंडर संकट और जाम की समस्या उठाई

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में बढ़ती गैस सिलेंडर की समस्या और कमालपुरी चौराहे पर लगने वाले दैनिक जाम से निजात दिलाने के लिए मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ही मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रतिनिधिमंडल में भाजपा से पूर्व विधान सभा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह,मंडल अध्यक्ष भाजपा नगर दीपक बाल्मीकि, और व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। उन्होंने एसडीएम को अवगत कराया कि हाल के दिनों में क्षेत्र में गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीम प्रीति सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही आपूर्ति सुचारु कराने का आश्वासन दिया। वहीं, प्रतिनिधिमंडल ने नगर के व्यस्ततम चौराहों में से एक कमालपुरी चौराहे पर रोजाना लगने वाले भीषण जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने बताया कि इस जाम की वजह से आमजन को घंटों परेशान होना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल ने दो प्रमुख सुझाव रखे - चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए और दिन के समय भारी वाहनों का नगर में प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित किया जाए। एसडीएम ने इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करने और संबंधित विभागों से वार्ता कर जल्द ही उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

### भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त सभासदों का भव्य स्वागत




**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका परिषद में हाल ही में नामित नए सभासदों का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में फूलमालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर आशुतोष अग्रवाल, सुधीर नायक, हेमेंद्र प्रताप, मोनिका रानी (धर्मपत्नी पवन पुष्पद) एवं श्रीमती अंशु वर्मा (धर्मपत्नी गौरव वर्मा) को पार्टी कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं ने आपस में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और साथ ही इन सभी सभासदों के माध्यम से पार्टी के जिला, प्रदेश और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि नए सभासद ठाकुरद्वारा नगर के विकास और जनसेवा के कार्यों में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करेंगे। इस स्वागत समारोह में भाजपा विधानसभा प्रत्याशी (2022) ठाकुर अजय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दीपक बाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, डॉ. आफताब हासमी, ओमपाल सैनी, सत्यप्रकाश गुप्ता, नागेंद्र लांबा, संजीव चौहान सहित बड़ी संख्या में प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# त्योहारों से पहले पुलिस सतर्क, सीओ ने की समीक्षा बैठक व पैदल गश्त

**ठाकुरद्वारा।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने थाना भोजपुर पहुंचकर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान ठाकुरद्वारा, डिलारी, भगतपुर, भोजपुर क्षेत्र के उपनिरीक्षकों के साथ ओआर (ऑर्डरली रूम) किया गया, जिसमें लंबित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी ने सभी



संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर न्याय मिल सके और थाने पर अनावश्यक लंबित प्रकरणों का बोझ न बढ़े।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य में तेजी लाते हुए पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है। साथ ही जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल के साथ कस्बा भोजपुर में पैदल गश्त की। इस दौरान बाजार, मुख्य मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। पुलिस की इस सक्रियता से जहां आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है, वहीं असामाजिक तत्वों में भी हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदू नववर्ष व होलिकोत्सव पर भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन

**चन्दौसी।** सीएमएस धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को हिंदू नववर्ष एवं होलिकोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ, जिसके बाद भजन और काव्य प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत सक्सेना, सुशील सक्सेना, चुन्नू सक्सेना, एस.एन. श्रीवास्तव, आकाश सक्सेना, अवकाश सक्सेना, विपिन सक्सेना, दिवाकर सक्सेना, नीरज सक्सेना, नवीन सक्सेना, रविंद्र सक्सेना, अश्विनी सक्सेना, आलोक श्रीवास्तव, कविता सक्सेना, आशा बिसारिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# इरशाद खान बने नगर पंचायत कुन्दरकी के नॉमिनेट सभासद

## संजय दिवाकर और जुली सैनी को भी मिली जिम्मेदारी







**कुन्दरकी।** नगर पंचायत कुन्दरकी में नॉमिनेट सभासदों की घोषणा के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जारी सूची में इरशाद खान को नॉमिनेट सभासद बनाया गया है, जिसके बाद उनके समर्थकों में खासा उत्साह है और उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं। इरशाद खान लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और आम जनता की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंच. ाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव और जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं संजय दिवाकर और जुली सैनी को भी नगर पंचायत कुन्दरकी का नॉमिनेट सभासद बनाया गया है। दोनों ही अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं और समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान रहा है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इन तीनों प्रतिनिधियों के शामिल होने से नगर पंचायत के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। नॉमिनेट सभासद बनने के बाद तीनों ने विधायक रामवीर सिंह और नगर के लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता की सेवा करेंगे।

# एसएम कॉलेज में वृहद रोजगार मेले का आयोजन





**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को एस.एम. कॉलेज में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में हीरो, एलआईसी, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, एयरटेल, एसआईएस सहित कुल 49 कंपनियों ने प्रतिभाग कर युवाओं का साक्षात्कार लिया और योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया।

कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि आईटीआई, जीटीआई व विभिन्न तकनीकी ट्रेड से शिक्षित युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान किया जाएगा। हीरो कंपनी के एचआर ने जानकारी दी कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभिक वेतन 12 से 14 हजार रुपये तक दिया जाएगा, साथ ही ओवरटाइम का अलग से भुगतान भी होगा। हीरो मोटर्स कंपनी से आए संजीव कुमार पांडेय ने कहा कि उनकी कंपनी लिमिटेड कंपनी है।

उनके द्वारा साक्षात्कार के बाद नौ अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया है। विज्डम कैरियर सॉल्यूशन के एचआर ने कहा कि युवाओं को समय पर ही कैरियर का चुनाव कर लेना चाहिए। दोपहर करीब दो बजे माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, भाजपा नेता सुधीर मल्होत्रा और चंद्रसेन दिवाकर मेले में पहुंचे। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर कंपनियों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने का आह्वान किया। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों को मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में एस.एम. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव, नोडल प्रधानाचार्य श्रुति गुप्ता, राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह पाल, सेवायोजन अधिकारी सुधाकर मिश्रा, अनूप चौरसिया, विष्णु सक्सेना सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एसएम कॉलेज में राज्यमंत्री ने साझा कीं शिक्षा और अनुशासन पर यादें



**चन्दौसी।** अंग्रेजी शासनकाल में स्थापित एस.एम. कॉलेज अपनी समृद्ध शैक्षिक परंपरा और अनुशासन के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध रहा है। इस महाविद्यालय ने अनेक राजनेताओं, अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों को शिक्षा दी है, जिन्होंने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी कॉलेज का नाम रोशन किया है। मंगलवार को आयोजित वृहद रोजगार मेले के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी कॉलेज पहुंचीं। इस दौरान वह प्राचार्य कक्ष में गईं, जहां प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने उनका स्वागत किया। कॉलेज परिसर में प्रवेश करते ही राज्यमंत्री की पुरानी यादें ताजा हो गईं, क्योंकि यहां से कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिक्षा प्राप्त की है। राज्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहा. सिक महाविद्यालय की पहचान दूर-दूर तक है और यहां का अनुशासन सदैव सराहनीय रहा है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ ज्ञान की ज्योति को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने कॉलेज में बेहतर अनुशासन बनाए रखने और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्रों को शिक्षा के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों द्वारा 'मिशन शक्ति फेज-05' के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में मंगलवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालि. काओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर बालिक. ाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा महिला संबंधी समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता भी बताई गई। अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीमों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिला पावर लाइन 1090, आपातक. ालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिसकर्मियों ने पंपलेट वितरित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की।



# न्याय पंचायत हुसैनपुर छिरावली के संकुल शिक्षकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय छिरावली में मार्च माह की मासिक संकुल बैठक का आयोजन

**कुंदरकी।** मंगलवार को 'न्याय पंचायत हुसैनपुर छिरावली' के संकुल शिक्षकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय छिरावली में मार्च माह की मासिक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ सभी संकुल शिक्षकों द्वारा माँ शारदे के आगे दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। सभी शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गयी। श्रीमती मुमताज जहाँ जी (वरिष्ठ अध्यापक) को मीटिंग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मीटिंग में सभी शिक्षकों द्वारा एक दूसरे को अपना परिचय दिया गया। इसके बाद सभी संकुल शिक्षकों द्वारा एजेंडे के अनुसार विभिन्न गति. विधियां यथा। स्कूल चलो अभियान एवं नामांकन वृद्धि रणनीति, रिमीडियल शिक्षण और शिक्षण योजना, मेगा पी.टी.एम., अभिभावक सहभागिता योजना एवं रिपोर्ट कार्ड वितरण उत्सव तैयारी। विभागीय प्राथमिकता सत्र :- टी एल एम, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ, स्पोर्ट एवं फिजिकल एजुकेशन। समेकन एवं धन्यवाद-महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुनरावृत्ति । के द्वारा बैठक का सफल संचालन किया गया। इसके पश्चात सभी संकुलों द्वारा बारी बारी से शिक्षक संदर्शिका, शिक्षक डायरी, निपुण प्लस एप, निपुण तालिका का उचित उपयोग शिक्षकों द्वारा शिक्षण व आंकलन में अधिक से अधिक करने के लिए कहा गया। इसके पश्चात विद्यालय की श्रीमती विभूति अग्रवाल द्वारा ज्स्ड के माध्यम से एक गतिविधि कराई गई। इसके पश्चात ज्स्ड निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण किया गया। संकुलो द्वारा कक्षा कक्ष में प्रिंट रिच मटेरियल,बिग बुक, कार्य पुस्तिका में ट्रेकर भरने, संदर्शिका का उपयोग करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती राक. ेश देवी द्वारा नए सत्र की कार्य योजना पर चर्चा की गई। इसके पश्चात संकुल शिक्षकों द्वारा डीसीएफ भरा गया। विद्यालय का भौतिक परिवेश अत्यंत मनमोहक था व विद्यालय के समस्त स्टाफ का आपसी सामंजस्य कार्र. बले तारीफ था। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती राकेश देवी जी के द्वारा मीटिंग का सफल आयोजन किया गया तथा उनके प्रेरक शब्दों के साथ मीटिंग समाप्त की गई ।



# आईएफटीएम में 'कॅरियर काउंसलिंग' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से अपने पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए "कॅरियर काउंसलिंग" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सही कॅरियर पथ, रुचि-आधारित कौशल विकास और उद्योग की मांगों के अनुसार विशेषज्ञ चुनने में मदद करता हैं। इस कार्यशाला में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के एलुमनाई हेड डॉ. निखिल गुप्ता ने बतौर रिसोर्स पर्सन अपने वक्तव्य में सही कॅरियर के चुनाव करने में सहायता करने वाले विभिन्न पहलओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थी वर्तमान नौकरी बाजार के रुझानों और आवश्यकताओं से अवगत होते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कॅरियर काउंसलिंग कार्यशालाएं विद्यार्थियों के अंदर तनाव कम करके उनकी आत्म-जागरूकता बढ़ाती हैं और उन्हें उनके सुनहरे भविष्य के लिए निर्णय लेने में सक्षम बनाती हैं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने बताया कि कॅरियर काउंसलिंग विषय पर आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और कौशल के अनुसार सही कॅरियर पथ चुनने में मार्गदर्शन करना रहा। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के अन्दर उपजे भ्रम को दूर करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, सही शैक्षिक विकल्प चुनने और सुनहरे भविष्य के लिए निर्णय लेने में सहायक होती है, जिसके फलस्वरूप उन्हें नौकरी में संतुष्टि मिलती है। कार्यक्रम के दौरान बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटेल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया एवं कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना की उपस्थिति रही। कार्यशाला के सफल आयोजन में कार्यक्रम व स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिक डॉ. आरती गर्ग समेत स्टुडेंट डेवलपमेंट सेल के सदस्यों श्री अक्षय शर्मा, सुश्री ज्योति सिंह, डॉ चारू दत्ता, श्री आकाश मौर्य का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला में स्कूल के सभी शिक्षकों के अलावा 80 से अधिक छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



# बस पर गिरा हाईटेंशन तार कंडक्टर की दर्दनाक मौत

■ करंट की चपेट में आकर झुलसे, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बे में हुए एक दर्दनाक हादसे में बस पर हाईटेंशन तार गिरने से कंडक्टर की मौत हो गई। करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसे कंडक्टर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पहचान जिला पीलीभीत के थाना माधोटांडा क्षेत्र निवासी 38 वर्षीय गया प्रसाद उर्फ विजय के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह बस में कंडक्टर का काम करते थे, और इसी से अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे।



जानकारी के अनुसार, 15 मार्च की रात बहेड़ी कस्बे में अचानक एक हाईटेंशन बिजली का तार बस के ऊपर गिर गया, जिससे बस में आग लग गई। अफरा-तफरी के बीच कंडक्टर गया प्रसाद बस से नीचे उतरने लगे, लेकिन नीचे पानी भरा होने के कारण करंट फैल गया और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान तड़के उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक की पत्नी चिंकी का रो-रोकर बुरा हाल है। गया प्रसाद अपने पीछे दो बेटियों को छोड़ गए हैं और परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। बहेड़ी कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि करंट से झुलसे बस कंडक्टर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# सास-साले की हत्या का खौफनाक अंजाम-मुठभेड़ में ढेर हुआ दामाद

■ पत्नी के विवाद में खूनी खेल, दो की हत्या के बाद पुलिस मुठभेड़ में अंत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में भरी पंचायत के दौरान सास और साले की चाकू से बेरहमी से हत्या करने वाला दामाद आखिरकार पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के महज 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी अफसर उर्फ बौरा का खात्मा कर दिया।



सोमवार को रहपुरा चौधरी गांव में पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई थी, लेकिन देखते ही देखते पंचायत कत्लगाह में बदल गई। आरोपी अफसर ने अचानक चाकू निकालकर अपनी सास आसमां (54) और साले आदिल (20) पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े। बीच-बचाव में आई पत्नी साइमा को भी आरोपी ने नहीं बख्शा और उसे भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आरोपी फरार हो गया। परिजन घायलों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया, जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारीक सहित कई अधिकारी पहुंचे और जांच शुरू की गई। मंगलवार तड़के पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी हथियार के साथ इलाके में घूम रहा है और दोबारा हमला कर सकता है। इसके बाद तीन टीमों ने घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार जब उसे पकड़ने की कोशिश की गई तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसे लग गई।

गंभीर रूप से घायल आरोपी को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस के दो सिपाही भी घायल हुए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी पहले भी हत्या के मामले में दोषी रह चुका था, और अपने मामा की हत्या के आरोप में उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। फिलहाल वह जमानत पर बाहर था। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### भाजपा में जिला मंत्री बनाए जाने पर डॉक्टर मीनाक्षी का हुआ जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** अभी तक भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव पद पर रही डॉक्टर मीनाक्षी गंग. वार को भाजपा संगठन में जिला मंत्री बनाए जाने पर मंगलवार को उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।



बिजोरिया रोड स्थित अपने माया अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें फूल मालाएं और बुके देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसमें उनके पति ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र गंगवार, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, भाजपा किसान मोर्चा के नीतीश उपाध्याय, सभासद सोनू राठौर सहित बड़ी तादात में उनके समर्थक शामिल रहे। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगी और उनके लिए संघर्ष करेंगी।

### शाही क्षेत्र में विवाहिता से हैवानियत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पति सहित नौ आरोपी के नामजद रिपोर्ट

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र की एक युवती ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और गंभीर अपराधों के आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार उसका निकाह करीब दो वर्ष पहले क्षेत्र के ही एक युवक से हुआ था, जिसमें उसके पिता ने करीब 25 लाख रुपये खर्च किए थे।

आरोप है कि निकाह के बाद भी ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था और अतिरिक्त 20 लाख रुपये की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर पीड़िता के साथ लगातार मारपीट की जाती थी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाता था और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करता था।पीड़िता के अनुसार जब उसने इस बात की जानकारी सास और ननद को दी, तो उन्होंने उसकी मदद करने के बजाय उसे ही प्रताड़ित किया और चुप रहने की धमकी दी। आगे आरोप है कि 15 जनवरी को ननदोई रेशु खान और देवर इस्लाम ने उसे कमरे में बंद कर बारी-बारी से दुष्कर्म किया।घटना की जानकारी जब पीड़िता ने अपने पति को दी तो उसने भी उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद मामले में पंचायत भी हुई, जहां आरोप है कि पति ने तीन तलाक देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल और थाना शाही पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी उवैस, अरबाज, परी बेगम, फुजेल, शहरीन, नाहिद खान, खुमेरा, रेशु खान व इस्लाम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने में तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

आधी रात चार पहिया वाहन से युवती को ले जाने का आरोप

**मीरगंज।** थाना मीरगंज क्षेत्र के एक गांव में आधी रात युवती को चार पहिया वाहन से ले जाने की घटना पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

एफआईआर के मुताबिक रविवार रात करीब 12 बजे आलोक पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम सिररा धनेली थाना मिलक रामपुर, प्रदीप पुत्र रंजीत सिंह व सोनिया पत्नी प्रदीप निवासी ग्राम परौरा ने मिलकर पीड़ित की पुत्री को बहला-फुसलाकर वाहन में बैठाया और अपने साथ ले गए। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने युवती को वाहन में ले जाते हुए देखा।परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली बकायेदारों पर कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मीरगंज।** बिजली विभाग ने बकाया बिल न चुकाने और अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग की टीम ने कई उपभोक्ताओं के खिलाफ विजिलेंस थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

जेई सोमप्रकाश ने बताया कि बकाया न जमा करने पर संबंधित उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने बिल जमा नहीं किया और बिजली खंभों से अवैध रूप से कनेक्शन जोड़कर उपयोग करते रहे। सरकार द्वारा तीन महीने तक मूलधन और ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट की योजना चलाई गई थी, ताकि उपभोक्ता बकाया जमा कर सकें, लेकिन इसके बावजूद कई लोगों ने लापरवाही बरती।कार्रवाई के तहत कुल्छा खुर्द गांव के रमेश चंद्र, नन्हे लाल, कृष्ण पाल, लीलावती, बब्लू तथा गहवरा गांव के ओमकार, चरन सिंह, रामवती, रिंकू, सावित्री, रमेश, अंगन लाल और रचना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।जेई सोमप्रकाश ने बताया कि बकाया बिल जल्द जमा नहीं करने और अवैध कनेक्शन हटाने में लापरवाही करने वालों के खिलाफ आगे भी एफआईआर,भारी जुर्माना जैसी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिल जमा करें और किसी भी प्रकार की बिजली चोरी से बचें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

# महिला व परिजनों के साथ मारपीट जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना शाही क्षेत्र के गांव मंसूरगंज में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर महिला व उसके परिजनों के साथ मारपीट की घटना समाने आई है।

पीड़िता कमलेश पत्नी इन्दल ने थाना शाही में तहरीर देकर गांव के ही कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता के अनुसार 13 मार्च की शाम करीब 7:30 बजे गांव के कल्यान पुत्र नन्हे लाल, अनिल पुत्र नन्हे लाल, दीपक पुत्र कल्यान व एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर उसे, उसकी पुत्री जलधारा तथा देवरानी आरती पत्नी धर्मेन्द्र के साथ गाली-गलौज की और बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना के दौरान शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह पीड़ितों को बचाया। मारपीट में सभी को चोटें आई हैं।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संकरी पुलिया पर आमने-सामने भिड़े दो वाहन

■ चालक फंसा, डीसीएम का केबिन काटकर निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर अग्निशमन केन्द्र के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब गरगइया गांव के पास संकरी पुलिया पर आमने-सामने आ रहे डीसीएम और केंटर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक समेत तीन लोग घायल हो गए, जिनमें डीसीएम चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।





मिली जानकारी के अनुसार बिहार के मधुबनी जनपद निवासी सुनील कुमार अपने हेल्पर विनोद कुमार के साथ दिल्ली से सामान लादकर पीलीभीत की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन बरेली-पीलीभीत हाईवे पर गरगइया गांव की संकरी पुलिया पर पहुंचा, सामने से आ रहे कैन्टर से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम चालक सुनील कुमार के पैर स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने हाईवे पर काम कर रही जेसीबी की मदद से डीसीएम का दरवाजा काटकर चालक को बाहर निकाला। काफी मशक्कत के बाद घायल को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं, कैन्टर चालक उमेश कुमार भी इस हादसे में घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की।

# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ माला-पटका पहनाकर दी शुभकामनाएं, संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प

**बहेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी में बहेड़ी से मनोनीत पदाधिकारियों का ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पर गर्मजोशी के साथ स्वागत व सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने माला और पटका पहनाकर सभी का अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं।

हाल ही में घोषित जिला कार्यकारिणी में बहेड़ी से स्वाति कुमार, आलोक गंगवार को जिला उपाध्यक्ष तथा ललित शर्मा और रामाश्रय कश्यप को जिला मंत्री बनाया गया है। वहीं नगर पालिका परिषद बहेड़ी के नामित सभासदों में महेश शर्मा, दिनेश राठौर, सुनील रस्तोगी, सचिन प्रजापति और प्रेमपाल भास्कर का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी और भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, मंडल अध्यक्ष हरीश कश्यप, अजय जायसवाल, दिलीप मौर्य, ओमवीर सिंह, मेजर सिंह, राहुल शर्मा, अक्षय मंगलम, सुदेश सिंह, अरुण गंगवार, शांतिपाल, तरुण कालरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गन्ना भुगतान व गैस की किल्लत को लेकर भड़के सपाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गन्ना किसानों के करोड़ों रुपए का भुगतान सहित एक दर्जन मांगों को लेकर मंगलवार को सपाइयों ने हुंकार भर दी। प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित 15 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम उदित पवार को सौंपा गया।

काफी समय से शान्त पड़ी समाजवादी पार्टी में एकाएक तेजी आ गई है, मंगलवार को सपा के विधानसभा कैम्प कार्यालय पर पहले एक विशाल बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के नेताओं ने केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों पर जमकर हमला बोला। बैठक में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने कहा कि अगर सत्ता में आना है तो मुट्ठी बांधनी पड़ेगी और आगे आकर सरकार के खिलाफ खड़ा होना होगा। उन्होंने जहां बढ़ती मंहगाई पर सरकार को घेरा, वहीं रसोई गैस की हो रही किल्लत पर खासी नाराजगी जताई। बैठक में पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, सेंथल चेयरमैन कंबर एजाज शानू, भदपुरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरोत्तम दास गंगवार उर्फ मुन्ना, पुरुषोत्तम गंगवार, जिला पंचायत सदस्य तेजपाल गंगवार, छेदालाल दिवाकर, डॉक्टर विजय गंगवार, सईद अहमद अंसारी, हरीश गंगवार, लीलाधर उर्फ पप्पू आदि ने भी क्षेत्र के गन्ना किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान न किए जाने के साथ ही चीनी मिल को बंद कराये जाने का आरोप सत्ता पक्ष के नेताओं पर लगाया। संचालन प्रवीन गंगवार उर्फ टीटू ने किया।

बैठक के बाद सपाई जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे और वहां जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार ने मांग पत्र पढ़ा, और पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने इसे एसडीएम उदित पवार को सौंपा। प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित इस 15 सूत्रीय मांग पत्र में गन्ना भुगतान कराए जाने, सांडों से बर्बाद हो रही फसल को लेकर कार्यवाही किए जाने, न्याय पंचायत स्तर पर गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्था किए जाने, सरकारी आवासों की स्वीकृति में हो रहे भ्रष्टाचार को रोके जाने, गैस की हो रही दिक्कत को दूर किए जाने, गांवों में पेयजल को लेकर खोदे गए मार्गों को तत्काल ठीक कराए जाने के साथ ही जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति कराए जाने की मांग की गई है। सपाइयों के इस प्रदर्शन में प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रहलाद गंगवार, प्रधान ओमेंद्र गंगवार, विधानसभा के महासचिव हाजी मुख्तियार अहमद अंसारी, युवा नेता भगवान दास उर्फ मुन्ना गंगवार, भूदेव गंगवार, मो0 यूसुफ सिद्दीकी, द्वारिका प्रसाद, भूपराम गंगवार, डॉक्टर मुश्ताक अहमद, अर्जुन सिंह यादव, वीरपाल गंगवार, वीरेन्द्र पाल, अब्दुल कय्यूम सहित बड़ी संख्या में सपाई शामिल रहे। ज्ञापन में जल्द मांगों का निस्तारण न किए जाने पर जल्द ही धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है।

# 50वीं बार तरावीह में किया खत्मे कुरआन, शहर में बना नया रिकॉर्ड

■ मोती मस्जिद में जश्ने खत्मुल कुरआन, उलेमा ने दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** शहर के मशहूर हाफिज अनवार अहमद कादरी ने इस रमजान में एक अनोखी उपलब्धि हासिल करते हुए 50वीं बार तरावीह की नमाज में खत्मे कुरआन मुकम्मल किया। 27वीं रमजान की रात को यह मुकम्मल हुआ, जिसे लेकर शहर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा।



हाफिज अनवार अहमद कादरी ने कुरआन सुनाने का सिलसिला वर्ष 1975 में शुरू किया था। तब से अब तक उन्होंने अलग-अलग जगहों पर तरावीह में कुरआन सुनाया। इनमें 25 बार मोती मस्जिद, 16 बार बाजार वाली मस्जिद बहेड़ी, 6 बार बैंगलोर (कर्नाटक), 2 बार शीशगढ़ और एक बार बरेली में खत्मे कुरआन किया। इसके अलावा उन्होंने दो बार शबीना में अकेले पूरा कुरआन पढ़ने का भी मुकाम हासिल किया है। इस खास मौके पर मोती मस्जिद में जश्ने खत्मुल कुरआन का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के उलेमा और शायरों ने हाफिज साहब को खिराज-ए-तहसीन पेश किया। मौलाना राशिदुल कादरी (इमाम शाहजी मस्जिद) ने अपने बयान में कुरआन की फजीलत और रमजान की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरआन पाक इसी महीने में नाजिल हुआ है, इसलिए यह महीना भी बेहद मुकद्दस है। उन्होंने हदीस का हवाला देते हुए कहा कि सबसे बेहतर इंसान वह है जो कुरआन सीखे और सिखाए।

मुफ्ती काशिफ सईद ने हाफिज अनवार कादरी की दीनी, मिल्ली और सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 50 बार खत्मे कुरआन कर यह साबित किया है कि कामयाबी हौसलों से मिलती है।

खानकाहे शेरिया के मौलाना साबिर मियां ने भी उनकी खिदमतों को सराहा। वहीं मौलाना कफील और मौलाना आकिब रजा ने भी तकरीरें पेश कीं। कार्यक्रम में हाफिज कैफ, हाफिज तौसीफ और सैफ जाफरी ने नात और मन्कबत पेश की। कार्यक्रम की सरपरस्ती खानकाहे शेरिया के नासिर मियां ने की। अंत में लंगर और मिठाई वितरित की गई, तथा मुल्क और मिल्लत में अमन-चैन की दुआ की गई।

इस मौके पर शहर के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और हाफिज अनवार अहमद कादरी को मुबारकबाद दी।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में मोहम्मद अरशान का शानदार प्रदर्शन

**बहेड़ी।** जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा में बहेड़ी के छात्र मोहम्मद अरशान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने जिले में 27वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।मोहम्मद अरशान वर्तमान में जे एंड ए स्कूल में कक्षा 5 के विद्यार्थी हैं। उनकी सफलता से स्कूल और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अरशान के पिता अफजाल अहमद और माता सीमा इस्लाम दोनों ही सरकारी शिक्षक हैं। उन्होंने बेटे की इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और नियमित पढ़ाई का ही यह परिणाम है।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :- (1) ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-47, कार्य का नाम : NER-LJN डिवीजन :- Sr. DEN/HQ/LJN के अधिकार क्षेत्र में CRO, MRO घुसपैठ और अतिक्रमण को रोकने के लिए U/S स्लीपर के साथ बाउंड्री/ फेंसिंग की बड़ी मरम्मत (लंबाई 8 K.M.), अनुमानित लागत (रू) : 2,07,71,680.48, अग्रिम धन (रू) :2,53,900.00, समापन अवधि - 09 माह। 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-47 के लिये ई-निविदा दिनांक 07.04.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

मुजाधि/डब्ल्यू-509

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# प्रभारी निरीक्षक समेत तीन पुलिस कर्मी निलंबित

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने के आरोप में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक चंदवक सहित तीन पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले के चंदवक थाना क्षेत्र में गोबरा गांव के निवासी और विधि के छात्र सच्चिदानंद मिश्र ने चार दिन पूर्व एक प्रार्थना पत्र थाने पर दिया था, कि उसके गांव के कुछ लोग उसे जान से मारना चाहते हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक आयोजित, दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मातृ वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण पर विशेष जोर

**बहेड़ी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज वर्मा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन व निदेशक के निर्देशों के अनुपालन पर जोर देते हुए विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र से 10 पात्र गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के आवेदन भरवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक केंद्र से तीन सबसे कमजोर बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहेड़ी में स्वास्थ्य जांच के लिए भेजने को कहा गया। इसके अलावा 3 से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों की अपार आईडी बनाने और सभी लाभार्थियों की आभा आईडी तैयार करने की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दिए जा रहे हॉट कुक्ड फूड वितरण की भी समीक्षा की गई। जिन केंद्रों पर टेक होम राशन का वितरण 95 प्रतिशत से अधिक रहा, उनकी सराहना की गई। साथ ही सभी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया कि टेक होम राशन का वितरण फीडिंग रिपोर्ट सिस्टम के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लाभार्थियों को समय पर पोषण मिल सके। इस अवसर पर मुख्य सेविका राजकुमारी, केसलता, कोशिकी, स्वाति, सुनीता तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता शिक्षा प्रशिक्षण व स्वछता सामाग्री का किया गया वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत 70 विद्यालयों के अध्यापकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिक्षा आधारित प्रशिक्षण व स्वछता सामाग्री प्रदान की गई।



प्लान इंडिया के जिला प्रमुख रंजीत सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 400 विद्यालयों में डेटॉल स्कूल स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, घर में स्वच्छता, स्कूल में स्वच्छता, आस-पड़ोस की स्वच्छता एवं बीमारी के दौरान स्वच्छता की जानकारी देकर बच्चों को परिवर्तन दूत के रूप में तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों में बीमारियों की कमी तथा विद्यालयों में उनकी उपस्थिति में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव परियोजना निदेशक व दिनेश कुमार यादव जिला विकास अधिकारी के द्वारा समस्त शिक्षकों को विद्यालय में बच्चों को स्वस्थ्य एवं स्वछता के प्रति जागरूक करने की बात की, और बताया कि बच्चे इस देश का भविष्य बदल सकते हैं और इसमें सबसे बड़ी भूमिका शिक्षक की ही है। अंत में अतिथिगणों के द्वारा सभी 70 विद्यालयों के शिक्षकों को स्वच्छता सामग्री का वितरण किया गया। प्लान इंडिया व रेकिट की ओर से रंजीत सिंह के द्वारा दोनों ही अतिथियों को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## एक नजर

### भाकियू ने सौंपा पत्र



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन की आवश्यक बैठक तहसील प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को किसानों से संबंधित अंश संशोधन करवाने और दाखिल खारिज किसान वारीशान की समस्याओं को लेकर पत्र सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता देवदत्त शर्मा, तहसील अध्यक्ष किसान यूनियन के द्वारा की गई। बैठक का संचालन जयप्रकाश राजपूत द्वारा किया गया। इस दौरान चौधरी नरदेव सिंह, चौधरी हुकुम सिंह, राम अवतार सिंह, चौधरी शिवपाल सिंह, चौधरी प्रमोद कुमार, सोनू चौधरी, प्रेम कुमार, बंटी कुमार आदि किसान भाई उपस्थित रहे।

### ईदगाह का निरीक्षण किया



**नजीबाबाद।** उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने हर्षवाड़ा ईदगाह का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण ईद पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लेने के लिए किया गया। अधिकारियों ने ईदगाह परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम खां और नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। ईद के दिन हर्षवाड़ा ईदगाह में हजारों की संख्या में नमाजी नमाज अदा करने आते हैं। जिसके लिए सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

### गजेंद्र सिंह टिकैत बने तहसील अध्यक्ष



**स्योहारा।** ग्राम जट नंगला निवासी चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत को भारतीय किसान यूनियन में पदोन्नति देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष से तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके तहसील अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के किसानों और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत लंबे समय से किसान हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं और संगठन में उनकी सक्रियता व मेहनत को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उनके स्थान पर ग्राम मेवा नवादा निवासी अश्वनी कुमार को भारतीय किसान यूनियन का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है संगठन द्वारा नई जिम्मेदारी मिलने पर दोनों पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी और किसानों के हित में मजबूती से काम करने की उम्मीद जताई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाकियू हमेशा किसानों के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी किसानों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की

## डी और सी रैंक पाने वाले अधिकारियों को निगेटिव कमेंट देने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड, सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित निर्माण कार्यों एवं PLFS/ASUSE सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



डीएम द्वारा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान डी एवं सी रैंक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ को निर्देश दिए कि विभागीय अधिक.ारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दें। उन्होंने बी रैंक प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं लाया जाता है, तो उनको भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड सीधे योजनाओं की निगरानी का डिजिटल टूल है। डैशबोर्ड पर हर जिले की योजनाएं रियल टाइम ट्रैक होती हैं, जिससे रैंकिंग तय होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैंकिंग में किसी भी अवस्था में गिरावट नहीं आनी चाहिए, सभी अधिकारी रैंकिंग बढ़ाने का प्रयास जारी रखें तथा इस अहम कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई कदापि न बरतें।

उन्होंने विकास कार्यों में प्रगति लाने एवं शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक एवं न्यूनतम स्तर पर लाने के दृष्टिगत निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआईएस की समीक्षा बैठक प्रति माह दो बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण गंभीर एवं सजग रहे और किसी भी स्तर पर कार्य की प्रकृति को प्रभावित न होने दें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस प्राप्त हुआ है, विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति बनाए रखें तथा कम प्रगति वाले विभाग निर्धारित बिंदुओं पर गोकस कर विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति में अपेक्षित तेजी लाकर रैंकिंग को मानक के अनुरूप लाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान कृषि सम्मान निधि, शहरी विद्युत सप्लाई, पीएम एवं सीएम आवास योजना, पंचायत राज, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य विभागों की रैंकिंग कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया की पुरी गंभीरता और तेजी के साथ विभागीय कार्यों में प्रगति लाते हुए रैंकिंग बढ़ाएं इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावा डीएम द्वारा सीएमआईएस, विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है, उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

डीएम द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें।

सांख्यिकी विभाग द्वारा संचालित पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (PLFS)और एनुअल सर्वे ऑफ अनइनकॉर्पोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज (ASUSE) की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि ये सर्वेक्षण नीति निर्धारण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने प्रगणकों (Enumerator) को निर्देशित किया कि डेटा संग्रह में शुद्धता सुनिश्चित करें और फील्ड कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि फील्ड स्तर पर कार्य कर रही टीमों के साथ समन्वय बनाकर सर्वेक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करें।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, उपायुक्त मनरेगा आरबी यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# विवेक सेन ने कराया रोजा इफ्तार

## हजारों लोगों ने की शिरकत, आपसी भाईचारे को बताया हिंदुस्तान की पहचान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** आजाद समाज पार्टी के धामपुर विधानसभा के संभावित उम्मीदवार व सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन द्वारा नगर में विशाल रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

सोमवार को नगर के एक बैंकट हॉल में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए और एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया।

मीडिया से बातचीत करते हुए विवेक सेन ने कहा कि रोजा इफ्तार कराने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक-दूसरे से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज एक ही स्थान पर हिंदू और मुसलमान साथ बैठकर रोजा इफ्तार कर रहे हैं, यही हिंदुस्तान की असली तस्वीर है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां सत्ता और वोटों की खातिर भाई को भाई से लड़ाने का काम कर रही हैं, इसलिए समाज को ऐसी ताकतों से दूर रहने की जरुत है। इस अवसर पर मौलाना अतीब उर्रहमान, साहिल मेहरा, दीपक कुमार, राजा अंसारी, गोहर इकबाल, सरदार करनवीर, राजेश सैनी, राकेश कुमार, बब्लू वाल्मीकि, प्रदीप, छोटे सिंह, इरफान अहमद, शादाब, सभासद राजेश सिंह, सुखवीर सिंह, परवेंद्र कुमार, लवली सिंह, बंटी भाई, अदनान अहमद एड., नगर अध्यक्ष शलम, शमाईल, रिजवान उर्फ सोनू, सुखवीर जिसौंदिया, मोनू, हैदर, अलतमस, राजा, उजैर, आयान, अनस, रहबर, शादाब पप्पू, शहजाद खान, फहद, शमशाद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पीएम मोदी व डोनाल्ड ट्रम्प की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

**चांदपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति अमेरिका डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो एआई के माध्यम से अर्द्धनग्न कर साथ में 03 महिलाओं के फोटो लगाकर अपने मोबाइल से व्हाट्सऐप ग्रुप में वायरल कर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता व सौहार्द बिगाड़ने का अपराध करने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने गांव खानपुर निवासी शमीम अहमद पुत्र बुंदू के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

## 27वीं शबे कद्र पर तरावीह में कई मस्जिदों में कुरान मुकम्मल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रमज़ान के मुबारक माह के 27वीं शबे कद्र के मौके पर नगर की कई मस्जिदों में तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मिलकियान की मिरासियान मस्जिद हाजी वाली मस्जिद और पालिका के सामने स्थित ज़ीनत मस्जिद में विशेष दुआ कराई गई और लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। बीती रात मिरासियान मस्जिद में कारी हुजैफा ने तरावीह में कुरान शरीफ सुनाया। इस मौके पर उलेमाओं ने दुआ कराई और बच्चों के वालिद जाकिर हुसैन बैटरी वालों को मुबारकबाद दी वहीं हाजी वाली मस्जिद में हाफिज अब्दुल्ला मंसूरी ने कुरआन मुकम्मल सुनाया जबकि मुफ्ती उबैद ने क़ुरआन सुना इस अवसर पर लोगों ने हाफिज अब्दुल्ला के वालिद जकीउल्ला मंसूरी को भी मुबारकबाद दी इसी तरह पालिका के सामने स्थित जीनत मस्जिद में कारी बशर पुत्र हाफिज इरशाद ने तरावीह में कुरान मुकम्मल किया। कुरान मुकम्मल होने पर उलेमाओं ने सामूहिक दुआ कराई और कहा कि किसी घर से हाफिज-ए-कुरान का तैयार होना वालिदैन के लिए बड़े फख्र और नेमत की बात है।

इस मौके पर मुफ्ती अली हसन, मुफ्ती सदाकत अंसारी, हाजी अनवर जमाल, डा. दानिश कमाल, उबैद अख्तर, सुहैल जफर, अतीक, इंजी. हाजी मतलूब, हाजी उबैदुर्रहमान नौशा, डा. तफ्फजुल, मुफिजुर्रहमान, रईस ठेकेदार, अनीसुल हई, अमन अख्तर, हाजी नवाबुद्दीन, मास्टर खुर्शीद, कासिम सलमानी, अमजद अहमद, अलीम अहमद, दानिश इकबाल, सुबहान रबी, जमाल अहमद, नवेदुर्रहमान, रईस, अमीन, फहीम अहमद, हाजी पप्पू, हाजी गुड्डू, अज़हर अहमद, नैय्यर चौधरी, साजिद अहमद, जुनैद, आरिफ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रमीज़ अहमद के नेतृत्व में गुड्डू, मौहम्मद बब्लू, मौहम्मद शान, समी दानी आमिर, असलम और माजू ने हाजी वाली मस्जिद में मौजूद लोगों को शीरनी वितरित की। वहीं सुबहान रबी स्थानीय सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं और धार्मिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

# कुरान मुकम्मल होने पर इल्मी मजलिस

## कुरान करीम को सीखने और सिखाने की अहमियत को बयान किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** जामा मस्जिद में मुफ्ती अमानुर्रब की तकमील-ए-कुरान मुकम्मल होने पर एक रुहानी और इल्मी मजलिस का आयोजन किया गया। इस मौके पर हज़रत मौलाना मजाहिरुल हक (खलीफा हज़रत मौलाना शाह अबरारुल हक रहमतुल्लाहि अलैह) ने खिताब फरमाते हुए देश के अमनो-अमान के लिए दुआ कराई।



प्राप्त समाचार के अनुसार नगर की जामा मस्जिद में बीती देर रात तरावीह पूरी होने पर आयोजित प्रोग्राम में हज़रत मौलाना ने दीन-ए-इस्लाम के कुरान वह हदीस पर रोशनी डालते हुए और खास तौर पर कुरान करीम को सीखने और सिखाने की अहमियत को बयान किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में यह अफसोस की बात है कि बहुत से नौजवान कुरान और हदीस की तालीम से दूर होते जा रहे हैं। यहां तक कि नमाज में पढ़ी जाने वाली छोटी-छोटी सूरतें भी कई लोगों को याद नहीं होतीं, और अगर याद होती भी हैं, तो उनका सही तरीका नहीं होता। जिससे कुरान मजीद गलत पढ़ा जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुरान करीम अल्लाह तआला की आखिरी किताब है, जो इंसानियत की हिदायत के लिए नाज़िल की गई है। कुरान में इरशाद है कि 'बेशक यह कुरान उस रास्ते की तरफ रहनुमाई करता है जो सबसे सीधा और बेहतरीन है साथ ही नबी-ए-करीम की हदीस का हवाला देते हुए बताया कि 'तुममें सबसे बेहतर वह शख्स है जो कुरान सीखे और सिखाए।

एक हदीस के अनुसार, जो व्यक्ति कुरान पढ़ता है और उसमें माहिर है वह फरिश्तों के साथ होगा, और जो कठिनाई के साथ पढ़ता है उसे दोगुना सवाब मिलता है।

मौलाना ने कहा कि कुरान को सही मखारिज और तजवीद के साथ पढ़ना बेहद जरुरी है। इसके लिए हर मुसलमान को चाहिए कि वह अपनी मस्जिद के इमाम या किसी कारी साहब से कुरान सीखें, ताकि अल्लाह के कलाम को सही तरीके से पढ़ा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कुरान सिर्फ पढ़ने की किताब नहीं, बल्कि पूरी जिंदगी का मुकम्मल निजाम है। जब तक हम इसकी तालीमात को समझकर उन पर अमल नहीं करेंगे, तब तक असली कामयाबी हासिल नहीं हो सकती। अल्लाह तआला से दुआ की गई कि वह सभी को कुरान करीम को सही तरीके से सीखने, समझने और उस पर अमल करने की तौफीक अता फरमाए। आखिर में हजरत ने अमन और शांति भाईचारे के लिए दुआ कराई।

इस दौरान शहर इमाम मुफ्ती अमानुर्रब साहब, अफसर खान, पूर्व सभासद अब्दुल रऊफ ठेकेदार, मास्टर नजाकत, काजी शमीम, डा. महमूद, गुफरान राजा, पूर्व सभासद अफजाल अहमद बबलू कप्तान, इरशाद सभासद, अशरफ, सभासद सलीम खान, शरीफ अहमद छोटा, मौहम्मद सलमान, सब्बू खान, हाजी मतलब अहमद, मौलाना जरीफ, मौहम्मद जीशान, हाजी सलीम खान, गुड्डू खान आदि जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित किए गए बाबा खाटू श्याम जी के 144 वे दरबार तथा विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने हाजिरी लगाते हुए श्याम बाबा के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न भजनों के सामूहिक उच्चारण तथा पारंपरिक जयकारो की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को श्रद्धा भावना से परिपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया श्याम बाबा के चरणों से सभी सनातन परिवारों में शांति, खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना की। पूजन कार्यक्रम पंडित अमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने बाबा के दरबार में माथा टेकने और अपनी हाजिरी लगाने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को मोर पंखी के माध्यम से आशीर्वाद प्रदान करते हुए तथा उनके मस्तक पर तिलक लगाते हुए श्याम बाबा के चरणों से यह प्रार्थना की।

### तुषार गौड बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**शिवाला कलां।** नूरपुर ब्लॉक के गांव शिवाला कलां निवासी तुषार गौड़ को भारतीय जनता पार्टी जनपद बिजनौर का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। तुषार गौङ के जिला उपाध्यक्ष बनने से उनके मित्रों एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। इससे पहले तुषार गौड़ भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्धनगर मे लोकसभा विस्तारक उसके उपरान्त हाथरस लोकसभा विस्तारक रह चुके है। जिला उपाध्यक्ष बनने पर तुषार गौङ ने कहा पार्टी ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी है वह पूर्ण निष्ठा एवं निस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने लखनऊ प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से मिलकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

### छह वर्ष के बच्चे ने रखा रोजा



**अफजलगढ़।** मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं, जिनके सपनों में जान होती है। सिर्फ परों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। ऐसा ही हिम्मतवाला कारनामा एक छह वर्ष के बच्चे ने रोजा रख अन्जाम दिया।

### भाकियू की पंचायत का आयोजन



**बुंदकी।** भाकियू की पंचायत का आयोजन नगीना गन्ना समिति के प्रांगण में किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. धर्मवीर सिंह ने की तथा संच.ालन वीरेंद्र सिंह ने किया। पंचायत में किसानों की समस्याओं हो हल कराने की मांग उठाई गई। गन्ना समिति में किसानों को खाद के साथ अतिरिक्त दवाइयां दी जा रही है। जिसे किसान लेना नहीं चाहते, उसे किसानों को न दिया जाए। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घर जाकर जबरदस्ती न लगाए जाए। बिजली के बिलों, जर्जर तारों, फूके ट्रांसफार्मरों की समस्या का तुरंत समाधान किया किया जाए। आवारा पशुओं को पड़कर गौशाला छुड़वाया जाए। पंचायत में तेजपाल सिंह, सोमवीर सिंह, मूलचंद सिंह, तेजपाल सिंह, पुखराज सिंह, कपिल कुमार, ओम प्रकाश सिंह, राजवीर सिंह आदि रहे।

### नाले में मिला बुजुर्ग का शव



**स्योहारा।** पास नाले में बुजुर्ग की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने लाश को नाले से बाहर निकलवा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मृतक की पहचान ग्राम मंदोरी निवासी रामकुमार (65 वर्ष) पुत्र सत्तू सिंह के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नागरिकों के अनुसार रामलीला ग्राउंड के पास नाले में लाश मिली है, वहां सरकारी शराब का ठेका स्थित है। साथ ही आसपास कई ठेले वाले भी बड़ी संख्या में लोगों को खुलेआम शराब पिलाते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस स्थान पर शाम होते ही शराब पीने वालों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है और देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। कई बार नशे में धुत लोगों के कारण यहां अव्यवस्था की स्थिति भी बन जाती है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रामकुमार की मौत किन परिस्थितियों में हुई कुछ लोग आशंका जता रहे हैं कि वह नाले में कैसे गिरे यह जांच का विषय है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



























# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में दो रिश्ते के भाईयों समेत तीन युवकों की मौत हो गई। इनमें से दो की मौत मौके पर ही जबकि एक की मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस ने शवों और घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अमरोहा के गांव पंजू सराय निवासी अभिषेक पुत्र सुन्दर की बहन की शादी दो माह बाद होनी है। शादी में उपहार के लिए दिए जाने वाले सामान की जानकारी करने के लिए अभिषेक अपने तहेरे भाई विपिन पुत्र प्रेम सिंह

### ■ खादगूजर गांव में हुई दुर्घटना, परिजनों में मचा कोहराम

व जनपद सम्भल के बड़ा लाडनसराय निवासी फुफेरे भाई अमित पुत्र सुन्दर के साथ बाइक से मंगलवार को गजरौला आए थे। अपरान्ह बाद तीनों बाइक से वापस अपने गांव जा रहे थे। बाइक को अमित चला रहा था। जब इनकी बाइक खादगूजर गांव के पास पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की गति तेज होने के कारण अमित (23) और दूसरी बाइक पर सवार अक्षय (25) पुत्र महेश चंद्र निवासी गांव बरखेड़ा थाना नौगावां सादात की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं विपिन और अभिषेक घायल हो गए। हादसे



के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और सूचना मिलने पर डॉयल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों और दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। यहां से गंभीर रूप से घायल विपिन को हॉयर सेंटर रेफर किया गया, जिसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर में तीन युवकों की मौत हुई है, जिनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि एक घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## चार माह में ही उजड़ा सुहाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो गजरौला।** हादसे में जान गंवाने वाले अक्षय की शादी मात्र चार माह पहले 27 नवम्बर को गजरौला के मुहल्ला गंगानगर निवासी नगर पंचायत के कर्मचारी नरेश की पुत्री मोनिका के साथ हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर सीएचसी पहुंचे नरेश ने बताया कि बीते दिन ही वे अपनी पुत्री को ससुराल से विदा कराके लाए थे। मात्र चार माह में ही मोनिका का सुहाग उजड़ जाने से परिजनों में चीख पुकार मची थी।

## लगातार दूसरे दिन हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो गजरौला।** सोमवार को भी दो बाइकों की भिड़ंत हुई थी जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी जबकि तीन युवक घायल हुए थे। यह हादसा मौहम्मदाबाद ढ़ाल के पास हुआ था। आज लगातार दूसरे दिन फिर से दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई और दो युवक घायल हो गए। लगातार बढ़ रहे हादसे चिंता का विषय बने हुए हैं।

# चेयरमैन ने किया ईदगाह का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नगर पालिकाध्यक्ष श्रीमति शशि जैन, एडीएम गरिमा सिंह व मुफ्ती हमजा के साथ ईदगाह का निरीक्षण कर यहां सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिये हैं। मंगलवार को ईदुल फितर से पूर्व चेयरमैन श्रीमति शशि जैन, एडीएम गरिमा सिंह के साथ ईदगाह पहुंची जहां उन्होंने निरीक्षण कर पालिका कर्मियों को सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। श्रीमति जैन ने कहा कि ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज अदा करने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके बंदोबस्त किये जायें। जहां गड्ढे हैं उन्हें समतल किया जाये। खासतौर से धनौरा रोड पर सफाई की व्यवस्था दुरस्त हो। इस मौके पर मुफ्ती हमजा, मुफ्ती आसिम, निखिल जैन, अखिल जैन, हाजी खुर्शीद अनवर, मंसूर एडवोकेट, फैज आलम राईनी, इकराम जैदी आदि मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी पर सिलेंडरों के लिए मचा हाहाकार

## उपभोक्ताओं की लगी लम्बी-लम्बी कतारे

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गैस सिलेंडर न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने गैस गोदाम पर जमकर हंगामा काटा है। गैस लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारे लग गई।

मंगलवार को हसनपुर गैस एजेंसी के गजरौला मार्ग स्थित गोदाम पर तड़के 4:00 बजे से ही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई। मौके पर मौजूद महिलाओं ने बताया कि रमजान का महीना चल रहा है। उनके घरों पर गैस सिलेंडर खत्म हो गये हैं। खाना बनाने के लिए अब उनके पास गैस नहीं है। जिससे परिवार के पालन पोषण की समस्या आकर खड़ी हो गई है। उपभोक्ताओं ने बताया कि नगर की अन्य गैस एजेंसियों पर सिलेंडरो का वितरण हो रहा है। लेकिन हसनपुर गैस एजेंसी स्वामी वितरण नहीं कर रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि



वह पिछले 5 दिनों से गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए चक्कर काट रहे है। परेशान उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस एजेंसी संचालक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा है। घंटों खड़े रहने के बाद थक हार कर उपभोक्ता सिलेंडर के ऊपर ही बैठ गये। इस दौरान घंटों हंगामे की स्थिति बनी रही। किस दौरान असलम चौधरी, शाहिद अंसारी, गजनफर खान, नसरीन, फातिमा, पुनीत गुप्ता, नरेश, महेंद्र सिंह, शन्नो, अकरम सैफी, जीशान कस्सार, रोहतास सैनी, शाहजहां, परमानंद आदि मौजूद थे।



■ गजरौला। ललिता मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने को लगी श्रद्धालुओं की कतार।

# मां ललिता मंदिर पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## चैत्र माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित हुआ विशाल मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** चैत्र माह के दूसरे मंगलवार को बस्ती स्थित प्राचीन मां ललिता देवी सिद्धपीठ मंदिर में विशाल मेला आयोजित हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव के साथ मां को चुनरी चढ़ाई और नारियल और अनाज चढ़ाकर मनोकामनांये मांगी। नवजात शिशुओं का मुंडन भी कराया गया। नवविवाहित दम्पत्तियों ने सुखद जीवन की प्रार्थना के लिए आशीर्वाद मांगा। मेले में बच्चों ने झूले तमाशों का आनंद लिया और जमकर खिलौने खरीदे। सुरक्षा के द्रष्टिगत मेले में पुलिस बल मौजूद रहे।

बस्ती में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक हाईस्कूल के सामने

### ■ नवजात शिशुओं के कराए गए मुंडन

प्राचीन मां ललिता देवी का मंदिर है। यहां पर चैत्र माह के प्रत्येक मंगलवार को मेला लगता है और श्रद्धालु गोला, नारियल व लाल चुनरी अनाज आदि चढ़ाकर मां की प्रार्थना करते हैं। मान्यता है कि मंदिर में जो कोई भक्त आस्था, भक्ति और स्नेह के साथ मां के चरणों में अपना शीश झुकाता है, निश्चित रूप से उसका कल्याण होता है और उसकी मनोकामनांए पूर्ण होती हैं। मंदिर में मां के दरबार में हाजिरी लगाकर श्रद्धालुओं ने मेले में लगी दुकानों से चांट-पकौड़ी, टिक्की, गोलगप्पे, जलेबी का आनंद लिया तो वहीं झूलों पर बच्चों की भीड़ लगी रही। मेले में सौन्दर्य प्रसाधनों की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ रही। युवतियों ने मेले में आए टेटू बनाने वाले दुकानदारों से मेहंदी के तरह तरह के डिजाईन अपने हाथों पर छपवाये तो वहीं लोगों ने अपने नवजात बच्चों के मुंडन भी कराए। बताते हैं कि जिन महिलाओं को मां ललिता देवी के आशीर्वाद से संतान की प्राप्ति होती है वे उस शिशु का मुंडन यहां आकर कराते हैं। वहीं नवविवाहित दम्पत्ति भी मां ललिता से सुखद जीवन की प्रार्थना करते हैं। दूसरे मेले में सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं को धूप से राहत देने के लिए पंडाल की व्यवस्था भी कराई गई।

# 2027 में प्रदेश में बदलाव तय: रामगोपाल

## भाजपाईयों के संरक्षण में हो रही गैस की कालाबाजारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो सैदनगली।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि 2027 के चुनाव में प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए गैस की कालाबाजारी में सत्ता पक्ष के लोगों की संलिप्ता का आरोप लगाया।

सपा के राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव अपने एक कार्यकर्ता से किया 13 साल पुराना वादा निभाने उसके घर पहुंचे। उनके साथ कांठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर भी मौजूद रहे।

दरअसल, नितिन वर्मा की पत्नी की डिलीवरी के दौरान मेरठ में मदद करने के बाद से ही नितिन लगातार उन्हें अपने घर आने का निमंत्रण दे रहे थे। वर्षों बाद जब रामगोपाल यादव ने यह निमंत्रण स्वीकार किया, तो इसे रिश्तों की मिसाल के रूप में देखा गया और क्षेत्र में सियासी चर्चाएं भी तेज हो गईं। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए गैस की कालाबाजारी में सत्ता पक्ष के लोगों की संलिप्तता का आरोप लगाया। साथ ही गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम प्रकरण और एनकाउंटर नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि "निर्दोषों की हत्या हो रही है और समय आने पर धारा 302 के तहत कार्रवाई तय है, चाहे 20 साल ही क्यों न बीत जाएं।" उन्होंने 2027 के चुनाव को लेकर भी बड़ा दावा करते हुए कहा कि प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इसके बाद रामगोपाल यादव पूर्व प्रधान स्वर्गीय नासिर परवेज के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देते हुए हर समय साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जावेद रजा उर्फ बॉबी, फैसल अल्वी, अरविंद कसाना, नितिन वर्मा, महानंद वर्मा, मोहम्मद एबिल, मोहम्मद कैफ, अंशुल वर्मा, पूर्व प्रधान दीपक, अमन गुप्ता, अनवर अंसारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# सिलेंडर मिला नहीं, पहुंचा डिलीवरी का मैसेज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक उपभोक्ता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर बिना गैस प्राप्त किए ही फोन पर सिलेंडर डिलीवरी का मैसेज प्राप्त होने की शिकायत की है। संदेह जताया है कि गैस एजेंसी संचालक द्वारा उनके सिलेंडर को ब्लैक से बेच दिया गया है।

नगर के मुहल्ला अवंतिकानगर निवासी पुसविंदर सिंह का कहना है कि उनका गैस कनेक्शन गजरौला गैस एजेंसी पर है। 11 मार्च 2026 को भारत गैस के एप के माध्यम से गैस रिफिल के लिए बुक कराया था।

### ■ उपभोक्ता ने डीएम से की शिकायत

जिसका बुकिंग क्रमांक 118525 है। 17 मार्च की सुबह 9 बजकर 42 मिनट पर उनके मोबाइल पर संदेश मिला कि उनका गैस सिलेंडर डिलीवर हो गया है, जबकि उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिला है। बताया कि एप पर दिए गए नंबरो पर शिकायत करने का प्रयास किया मगर फोन नहीं रिसीव हुआ। उपभोक्ता ने डीएम से मामले की जांच कराके संबधित गैस एजेंसी संचालक के विरूद्व कार्रवाई की मांग की है।

# घर से दौड़ लगाने निकला बीएससी का छात्र लापता

## बरामदगी की मांग को एसपी से लगायी गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा बीएससी का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। आठ दिन पूर्व वह दौड़ लगाने के लिए घर से निकला था लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। ढूंढने में नाकाम परिजनों ने एसपी से गुमशुदगी दर्ज कर तलाश करने की गुहार लगाई है।

मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव हमीदपुरा का है। यहां पर रमेश सैनी का परिवार रहता है। उनकी पत्नी रजनी देवी के मुताबिक उनका 18 वर्षीय बेटा विशाल जेएस हिन्दू कॉलेज में बीएससी



द्वितीय वर्ष का छात्र है और वह साथ में पुलिस भर्ती की भी तैयारी कर रहा है। शिकायती पत्र के अनुसार विशाल बीती 9 मार्च की सुबह लगभग चार बजे रोजाना की तरह दौड़ लगाने के लिए घर से निकला था लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं आया। परिजनों ने कॉल कर संपर्क का प्रयास किया तो मोबाइल स्विच ऑफ होने से बेचैनी बढ़ गई। इसके बाद रिश्तेदारी, दोस्तों और परिचितों में विशाल को काफी तलाश किया गया लेकिन कहीं से भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। आठ दिन से परेशान परिजनों ने मंगलवार को एसपी को पत्र सौंपकर गुमशुदगी दर्ज कर बेटे को ढूंढने की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले में थाना पुलिस को सर्विलांस की मदद से जांच करने का निर्देश दिया है।

# युवक ने फांसी पर झूलकर दी जान

## पत्नी से विवाद के बाद उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पत्नी से हुए विवाद के बाद युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना का पता चलने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मौहम्मदाबाद में मोहन पुत्र रमेश का मंगलवार को किसी बात पर अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। उस समय तो विवाद करने के बाद दोनों अलग अलग होकर बैठ गए मगर थोड़ी देर बाद मोहन ने घर में फांसी का फंदा लगा लिया और अपनी जान दे दी। काफी देर तक जब मोहन नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसकी तलाश की तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। यह देखकर परिजनों की चीख निकल गई। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि युवक द्वारा आत्महत्या की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पत्नी से हुए विवाद के बाद युवक ने आत्महत्या की है।

# युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर

● **आईपीएल-2026 : सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के, कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां युवा जोश का सामना अनुभवी सितारों से होगा। इस सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के हैं, जबकि दूसरी ओर कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे।

आईपीएल के 19वें सीजन यानी आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। इस सीजन के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की भिड़ंत एमं चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होनी है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 लीग में इस बार युवा जोश बनाम अनुभव, यानी एक खास मुक.ाबला देखने को मिलेगा। एक ओर ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 19 साल से भी कम है और जो पहली बार इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं, वहीं दूसरी तरफ कई अनुभवी दिग्गज हैं जो वर्षों के अनुभव के साथ मैदान में उतरेंगे। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में नई पीढ़ी और पुराने सितारों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है।

आईपीएल 2026 के पांच सबसे युवा खिलाड़ी

**वैभव सूर्यवंशी**- आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। वैभव की उम्र अभी सिर्फ 14 साल है। पिछले सीजन वैभव ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को खासा प्रभावित किया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वैभव ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था। उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाया था। वैभव ने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे।



**आयुष म्हात्रे**- 16 जुलाई 2007 को जन्मे चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। फिलहाल आयुष की उम्र 18 साल 160 दिन है। आयुष के लिए पिछला सीजन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 188 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 240 रन बनाए थे। आयुष से चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**साहिल पारिख**- आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले साहिल पारिख तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। साहिल की उम्र फिलहाल 18 साल 199 दिन है। साहिल को दिल्ली कैपिटल्स ने आक्शन में 30 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया है। आगामी सीजन में साहिल से दिल्ली को बढ़िया प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**सात्विक देसवाल**- आईपीएल के लिए हुए आक्शन में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सात्विक देसवाल को 30 लाख में खरीदा था। सात्विक इस सीजन खेलने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। उनकी उम्र 18 साल 275 दिन है। सात्विक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं। सात्विक को अगर प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, तो वह अपनी गेंदबाजी से छाप जरूर छोड़ना चाहेंगे।

**विहान मल्होत्रा**- अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित करने वाले विहान मल्होत्रा आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। विहान की फिलहाल उम्र 18 साल 356 दिन है। विहान को आरसीबी ने 30 लाख में खरीदा है। आईपीएल के पांच सबसे उम्रदराज खिलाडी

**एमएस धोनी**- आईपीएल 2026 में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी मैदान पर उतरेंगे। धोनी की उम्र 44 साल है। पिछले दो सीजन से धोनी बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे बैटिंग करने आ रहे हैं। आईपीएल 2025 में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वह 14 मुक.ाबलों में 135 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 196 रन ही बना सके थे।

**रोहित शर्मा**- मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। रोहित इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में 38 साल की उम्र में खेलेंगे। रोहित के लिए पिछला सीजन बल्ले से शानदार रहा था। उन्होंने 15 मुकाबलों में 149 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 418 रन बनाए थे।

**विराट कोहली**- रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पिछले सीजन पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विराट को.हली आईपीएल 2026 में खेलने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। आगामी सीजन में कोहली 37 साल की उम्र में खेलते हुए नजर आएंगे। आईपीएल 2025 में खेले 15 मुकाबलों में विराट ने 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 657 रन बनाए थे।

**ईशांत शर्मा**- आईपीएल 2026 में ईशांत शर्मा 37 साल की उम्र में हिस्सा लेंगे। ईशांत गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि, आईपीएल 2025 में ईशांत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह 7 मुक.ाबलों में सिर्फ 4 विकेट निकाल सके थे और उनका गेंदबाजी इकोनामी भी 11.18 का रहा था।

**अजिंक्य रहाणे**- आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले अजिंक्य रहाणे इस सीजन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

---

**खेल विशेष**

## आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी छठे नंबर से नीचे नहीं उतरें : एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने को है और एक बार फिर सभी की नजरें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी पर रहेगी। धोनी इस लीग की शुरुआत से ही हर सीजन में खेले हैं और फैंस फिर उन्हें मैदान पर उतरता हुआ देखेंगे। धोनी ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अब टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने धोनी को सलाह दी है। डिविलियर्स ने धोनी के बल्लेबाजी क्रम पर बेबाक राय रखी है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी का छठे नंबर से नीचे नहीं उतरना चाहिए क्योंकि आठवें और नौवें स्थान पर उतरना उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है और 44 साल के धोनी फिर येलो जर्सी में नजर आएंगे। सीजन की शुरुआत से पहले डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। वहीं, सीएसके ने आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले सैमसन को ट्रेड करने का फैसला किया, जो उनकी भविष्य की योजनाओं का हिस्सा था। धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं। जब आप सीएसके का नाम लेते हैं, तो तुरंत आपके दिमाग में धोनी का नाम आता है। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी भूमिका पूरी तरह से उस ब्रांड को जितना हो सके, उतना मजबूत बनाए रखने की रही है।

---

## आईपीएल स्टार यश दयाल की नोएडा में शादी, प्रयागराज में होगा रिसेप्शन



● **यश दयाल मीडिया एंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए हैं**

**प्रयागराज, वार्ता।** प्रयागराज के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर यश दयाल मीडिया इंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए है।

दोनो ने करीबी रिश्तेदार और मित्रों की मौजूदगी में नोएडा में फेरे लिए है जबकि उनका रिसेप्शन प्रयागराज में होगा जिसमें खेल जगत की खास हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। यश दयाल के विवाह की की पुष्टि उनके पिता चंद्रपाल दयाल ने की है। उन्होंने बताया कि यश दयाल एक सप्ताह के भीतर प्रयागराज आएंगे, जिसके बाद यहां उनके सम्मान में एक रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में खेल जगत से जुड़े कुछ खास मेहमानों के शामिल होने की संभावना है। सोशल मीडिया पर यश दयाल की शादी से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी तेजी से वायरल हो रही हैं। प्रयागराज के रहने वाले यश दयाल ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट से जुड़े प्रमुख तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। शादी की खबर सामने आने के बाद परिवार, रिश्तेदारों और परिचिंतों में खुशी का माहौल है। प्रयागराज के चकिया स्थित उनके घर पर भी उत्साह का वातावरण है और सभी उनके घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। यश दयाल के पिता चंद्रपाल दयाल सरकारी कर्मचारी हैं।

---

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

● **द. अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 18 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली**

**हैमिल्टन, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (53), कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अयाबोंगा खाका (चार विकेट) और एन म्लाबा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुक.ाबले में न्यूजीलैंड को 18 रनों से शिकस्त दी।

इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला ने टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सुने लुस और ताजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने सुने लुस 21गेंदों में (31) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ताजमिन ब्रिट्स ने 43 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 53 रनों की पारी खेली। उन्हें 13वें ओवर में अमेलिया केर ने आउट किया। एनेरी डर्कसन (2), क्लो ट्रायॉन (2) और एन डीक्लर्क (चार) रन बनाकर आउट हुई। लॉरा वोल्वाड्र्ट ने 33 गेंदों में चार चौके लगाते हुए नाबाद 41 रन बनाए। कायला रेनेके ने नौ गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 28 रन ठोके। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर और जेस केर ने दो-दो विकेट लिए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी



न्यूजीलैंड की महिला टीम को अयाबोंगा खाका की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 19-1 ओवर में 159 रन पर ढेर कर मुकाबला 18 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान अमेलिया केर ने सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (29), सोफी डिवाइन (25), मैडी ग्रीन (18), ब्रुक हॉलिडे (16) और जेस केर (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए अयाबोंगा खाका चार विकेट लिए। एन म्लाबा को तीन विकेट मिले। एनेरी डर्कसेन, एन डी क्लर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

---

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को हराया

● **कीवियों ने द. अफ्रीका को 68 रनों से दी मात, डवेन कॉन्वे को उनकी शानदार बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया**

**हैमिल्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) की अर्धशतकीय पारी के बाद लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स (तीन-तीन विकेट) की बेहत.रीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से मात दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं। डेवन कॉन्वे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।



176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 15-3 ओवरों में 107 रन ही बना सकी और 68 रनों मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए जॉर्ज लिडे ने 12 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रन बनाए। इसके अलावा रूबिन हरमन (19), वियान मुल्डर (16), जेसन स्मिथ (13) और जेसन स्मिथ (10) रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स तीन-तीन विकेट लिए। मिचेल सैंटनर को दो विकेट मिले। जिमी नीशम और कोल मैककोन्ची ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 175 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। डेवन कॉन्वे ने 49 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। निक केली 12 गेंदों में (21) और कप्तान मिचेल सैंटनर 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। कोल मैककोन्ची ने 12 गेंदों में (नाबाद 18) और जॉश क्लार्कसन ने नौं गेंदों में नाबाद 29 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए वियान मुल्डर ने दो विकेट लिए।

---

## चोटिल जॉर्डन हरमन शेष टी-20 मैचों से हुए बाहर



**हैमिल्टन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेब्यू करते हुए, हरमन को रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेले गए पहले टी-20 मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। अब चिकित्सा जांच के लिए किए गए स्कैन से ग्रेड-2 टियर की पुष्टि हो गई है। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक हरमन की जगह किसी और खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है।

---

## पिंडली की चोट के कारण डेन वैन नीकेर्क न्यूजीलैंड दौरे से हुई बाहर



● **डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसम्बर में टी-20 टीम में वापस आई थीं**

**हैमिल्टन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की ऑलराउंडर डेन वैन नीकेर्क पिडली की चोट के कारण न्यूजीलैंड दौरे के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार, 32 साल की इस खिलाड़ी को दाहिनी पिडली में चोट लगी है।

दोनों टीमों के बीच पहले महिला टी- 20 मैच से पहले उन्हें परेशानी महसूस हुई थी। वह उस मैच में नहीं खेलीं और अब न तो शेष टी-20 मैचों और न ही उसके बाद होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनकी जगह एनेके बॉश को टीम में बुलाया है।

डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसम्बर में टी-20 टीम में वापस आई थीं। उन्होंने आयरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेले थे। पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच न खेल पाने के बाद, वह न्यूजीलैंड में इस प्रारुप में खेलने के लिए तैयार थीं।

---

## डीडीसीए ने प्रतिका रावल व उद्धव मोहन को किया सम्मानित

● **सम्मान समारोह में प्रतिका रावल को 51 लाख व जूनियर टीम के मोहन को 11 लाख का नकद पुरस्कार दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विश्व कप विजेताओं प्रतिका रावल और उद्धव मोहन को सम्मानित किया।

यहां आयोजित सम्मान समारोह में सोमवार को प्रशासक, पत्रकार और खिलाड़ी भारतीय खेलों की विभिन्न उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे। सम्मान समारोह के दौरान डीडीसीए ने एकदिवसीय विश्व.कप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रही रावल को 51 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता मोहन को राष्ट्रीय जूनियर टीम के साथ उनकी उपलब्धि के लिए 11 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि उन खिलाड़ियों को सम्मानित करना हमेशा खास होता है, जो दिल्ली की व्यवस्था से उभरकर सामने आए हैं और जिन्होंने देश का गौरव के साथ प्रतिनिधित्व किया है। इस तरह की उपलब्धियां उन अनगिनत युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करती हैं, जो इसी राह पर चलने का सपना देखते हैं। एक संघ के तौर पर, हमारा मानना है कि प्रतिभा की अगली पीढ़ी को निखारने में पहचान और प्रोत्साहन की अहम भूमिका होती है। रावल ने कहा कि जब आपको इतने बड़े मंच पर सम्मानित किया जाता है, खासकर डीडीसीए और रोहन सर द्वारा, तो सचमुच बहुत अच्छा लगता है।

---

## घुटने की चोट के चलते बेवन जैकब्स दूसरे टी-20 से हुए बाहर



● **बेवन जैकब्स की जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया**

**हैमिल्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के मध्यमक्रम के बल्लेबाज बेवन जैकब्स अपने बाएं घुटने में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया गया है। 23 साल के जैकब्स माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले टी-20 के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं घुटने के बल गिर पड़े थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा।

उनके घुटने का स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उनके घुटने के एक तरफ हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिग) लगी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि जैकब्स के मैदान पर वापसी की समय-सीमा तय करने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। क्लार्क ने सुपर स्मैश टूर्नामेंट में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। 26 साल के इस दाएं हाथ के ओपनर ने नौ पारियों में कुल 431 रन बनाए, जिसमें ओटागो के खिलाफ एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

---

## खालसा, किरोड़ी मल व विवेकानंद कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के पहले दिन मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज और विवेकानंद कॉलेज ने जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के मैच में खालसा कॉलेज ने इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आईजीआईपीईएस) को 6-0 से हराया। विजेता टीम के लिए विपिन ने चार गोल किए, जबकि मनीष और तनुज ने एक-एक गोल दागे। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के विपिन को चुना गया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान में उद्घाटन समारोह में खिली धूप में पीएसपीबी के सलाहकार ललित वत्स मुख्य अतिथि थे और दिल्ली यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सरिता त्यागी विशिष्ट अतिथि थीं। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करके उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मेहमानों के साथ एसजीटीबी खालसा कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर गुरमोहिदर सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद के सहायक निदेशक डा. सुशील कुमार और पद्म श्री पुरस्कार विजेता डा. रवि चतुर्वेदी ने किया। किरोड़ी मल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को 11-2 से हराया। समर सिंह और रोहित डांगी ने चार-चार गोल किए। मैन ऑफ द मैच समर सिंह को चुना गया। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से हराया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 18 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईरान का खेल

डोनाल्ड ट्रंप के जीत के दावों के बावजूद ईरान की क्षमता का गलत आकलन सामने आया है। होर्मुज स्ट्रेट संकट, सहयोगी देशों की बेरुखी और बढ़ती तेल कीमतों ने अमेरिका पर दबाव बढ़ाया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, जबकि विश्लेषक इसे अमेरिका-इजरायल की बड़ी रणनीतिक चूक मान रहे हैं। ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी लॉन्च करने के बाद से अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि यह जंग उन्होंने करीब जीत ही ली है और तेहरान बातचीत के लिए गिड़गिड़ा रहा है। हालांकि दो हफ्ते से ज्यादा वक्त बाद भी जो जमीनी हकीकत है, वह बताती है कि ईरान की क्षमताओं को आंकने में अमेरिका-इस्राइल से चूक हो गई। यह बात ट्रंप की उन अपीलों से भी जाहिर हो रही है, जो उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर की हैं। ट्रंप चाहते हैं कि नैटो और दूसरे देश भी होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने के लिए आगे आएं। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और फ्रांस का नाम लिया है। हालांकि किसी भी देश ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऑस्ट्रेलिया ने तो साफ तौर पर इनकार कर दिया है, जबकि जापान ने कानूनों का हवाला दिया है। इस बेरुखी पर ट्रंप ने नैटो को धमकी दी है, तो पेइचिंग को याद दिलाया है कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर उसका रु. 90 प्रतिशत तेल जाता है और उनकी चीन यात्रा टल भी सकती है। दुनिया दबाव की यह रणनीति टैरिफ वॉर में भी देख चुकी है। दूसरों को इस लड़ाई में खींचने की बेताबी बताती है कि ट्रंप फंसा महसूस कर रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एकतरफा युद्ध तब शुरू किया, जब समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी और माना जा रहा था कि इस बार कोई रास्ता निकल सकता है। इस एकतरफा फैसले का ही असर था कि ब्रिटेन ने शुरू में अपने सैन्य अड्डे इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी थी, जिसे लेकर ट्रंप आज तक नाराज बताए जाते हैं। अमेरिका-इजरायल केवल ईरान की ताकत को ही भांपने में गलत साबित नहीं हुए, बल्कि यह समझने में भी चूक कर गए कि संघर्ष कितना व्यापक हो सकता है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। धरती का सबसे व्यस्त तेल मार्ग बंद है। बढ़ती अनिश्चितता ने क्रूड ऑयल के दाम को 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचा दिया है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था दबाव का सामना कर रही है। बड़ी चूक। हालात पर साफगोई की उम्मीद ट्रंप से अब भी नहीं की जा सकती है। वह तो अपने दावे पर कायम हैं कि ईरान समझौता करना चाहता है, जबकि तेहरान बार-बार कह रहा है कि अमेरिका को उसकी आक्रामकता का जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी मीडिया और वहां के कई राजनेता मान रहे हैं कि वॉशिंगटन से बड़ी चूक हो गई। ईरान युद्ध पश्चिम एशिया को लेकर अमेरिका के गलत आंकलनों और पूर्वाग्रहों का एक और उदाहरण है।

## भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया



राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई, भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था, भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की कोशिश की, यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया, हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की।

**दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सदस्य कांग्रेस कार्य समिति और पार्टी सांसद**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिका. रिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विच. ारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**

# विकास का अनोखा मोड़, चीजों का लुप्त हो जाना

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**



सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।

इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

# एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे। इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति

जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुनः स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-साभार आर.आर.**



मलेशिया। सेपांग स्थित कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची ईरान की महिला फुटबॉल टीम की सदस्य।

## यूएई तट से 23 समुद्री मील पूर्व में पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला: यूकेएमटीओ

**लंदन।** ब्रिटिश नौसेना ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर फुजैराह से 23 समुद्री मील पूर्व में एक पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया है। रॉयल नेवी के ब्रिटेन समुद्री व्यापार कार्यालय (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूकेएमटीओ को फुजैराह (ओमान की खाड़ी) से 23 समुद्री मील पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। लंगर डाले हुए एक टैंकर ने अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला होने की सूचना दी है। इस हमले में उसे मामूली क्षति हुई है। इसमें चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है।

# पश्चिम एशिया युद्ध पर चीन के बाद रूस की भी चेतावनी

## मास्को ने तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत शुरू करने की अपील की, नागरिकों की सुरक्षा पर जताई चिंता

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव के बीच रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने की अपील की है। इससे पहेल होर्मुज संकट पर चीन ने भी अमेरिका को चेतावनी दी थी। रूस के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मौजूदा संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है और इससे आम नागरिकों की जान पर खतरा बढ़ गया है।

रूस ने कहा कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और इसे तुरंत रो. कने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक रास्ता अपनाना जरूरी है। रूस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में हिंसा का नया और खतरनाक दौर शुरू हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस हमले के बाद क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ा है और अब तक

**■ रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं**



सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट अंत नजर नहीं आ रहा है और इससे क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई ने मध्य पूर्व में हिंसा के अभूतपूर्व चक्र को जन्म दिया है। बयान में कहा गया कि यह हमला बिना उकसावे के किया गया था। रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं। रूस ने कहा कि इस युद्ध का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है। मंत्रालय ने बताया कि ईरान और खाड़ी के अरब देशों में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। रूस ने सभी पक्षों से अपील की कि वे नागरिक इलाकों और बुनियादी ढांचे पर हमले बंद करें। बयान में कहा गया कि नागरिकों की मौत और पीड़ा को तुरंत रोकना जरूरी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है। रूस के अनुसार इस मार्ग में बाधा आने से वैश्विक व्यापार और तेल बाजार पर गंभीर असर पड़ सकता है। रूस ने कहा कि वह इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। मास्को ने कहा कि उसके पास ऐसे संसाधन और कूटनीतिक क्षमता है जिससे दीर्घकालिक और स्थायी समाधान में मदद मिल सकती है। रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है।

## इराकी हिजबुल्लाह ने की अपने वरिष्ठ कमांडर के मौत की घोषणा

**बगदाद/ब्रसेल्स।** ईरान से संबद्ध इराकी मिलिशिया, कताइब हिजबुल्लाह ने मंगलवार को अपने एक वरिष्ठ कमांडर, अबू अली अल-अस्करी की मौत की घोषणा की।यह हाल के दिनों में समूह के शीर्ष नेताओं की हत्या की दूसरी घटना है। इससे पहले मिलिशिया ने पुष्टि किया था कि बगदाद स्थित उसके एक कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक अन्य वरिष्ठ नेता अबू अली अल-अमीरी मारा गया था। ये घटनाएं इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया और अमेरिका के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच हुई हैं जिसमें दोनों पक्षों ने हाल के हफ्तों में एक दुसरे पर हमलों की सूचना दी है। इससे पहले हिजबुल्लाह समूह ने बगदाद के बाहर एक अमेरिकी हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट के पास रेस्टोरेंट में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी में फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे के पास एक रेस्टोरेंट में मंगलवार तड़के हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावर वारदात के बाद से फरार है। शुरुआती जांच के अनुसार, एक सशस्त्र व्यक्ति स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) रेस्टोरेंट के भीतर दाखिल हुआ और वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। हमले में घायल दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### निर्यात सामान वापस आने पर आयात नहीं माना जाएगा : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि ईरान युद्ध की वजह से रास्ता नहीं मिलने के कारण यदि कोई निर्यात किया गया सामान वापस आता है तो अनलोडिग होने पर उसे घरेलू सामान के रूप में ही माना जाएगा और आयात नहीं माना जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा राज्य मंत्री जतिन प्रसाद ने लोकसभा में मंगलवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि वैश्विक माहौल में जो सामान निर्यात हो रहा है उसे निर्धारित जगह पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### रवीना टंडन नजर आएंगी गार्नियर कलर नेचुरल्स के नए कैंपेन में


**मुंबई।** गार्नियर ने पहली बार अभिनेत्री रवीना टंडन को ब्रांड की बालों का पोषण करने वाली हेयर कलर रेंज, गार्नियर कलर नेचुरल्स, का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस साझेदारी के साथ एक नया कैंपेन शुरू हो रहा है, जिसमें रवीना टंडन नजर आएंगी। यह कैंपेन, ब्रांड की प्राकृतिक दिखने वाले और चमकदार हेयर कलर्स में भरोसेमंद विशेषज्ञता को रवीना की टाइमलेस अपील के साथ जोड़ता है, जो हर उम्र के लोगों की पसंद है।

# ईरान ने कसा होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा

## पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंचा, जंग खत्म होने के संकेत नहीं, बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंच गया और इसके खत्म होने के कोई संकेत भी नहीं मिल रहे हैं। ईरान ने समुद्री परिवहन के लिए प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा और कस दिया है। इन घटनाक्रमों से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं और अधिक बढ़ गई हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से तसनीम समाच. ार एजेंसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुश्मन देशों के लिए बंद है, मित्र देशों के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि इस समुद्री मार्ग को किसी भी ऐसे देश के लिए नहीं खोला जाएगा जो ईरान पर हमला करना चाहता हो। इस जलमार्ग से जहाजों का आवागमन विशेष परिस्थितियों में होगा। ईरान के सशस्त्र बल इस मार्ग को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवश्यक उपाय करने का अधिकार रखता है। दुनिया के पांचवें हिस्से के परिवहन वाले इस जलमार्ग पर व्यवधान पैदा होने से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। ईरान ने सोमवार को दुबई हवाईअड्डे के साथ ही खाड़ी देशों में अमे. रिकी सैन्य ठिकानों और ऊर्जा क्षेत्रों को निशाना बनाया। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्रोन हमले के बाद एक ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में रात भर चले हमलों में पांच लोग मारे गए और सात घायल हो गए। समाचार एजेंसी ने बताया कि अराक शहर के बाहरी इलाके में एक आवासीय क्षेत्र और महल्लात काउंटी में एक आवासीय इमारत पर हमला किया गया। मरकजी प्रांत के ही खोमेन शहर में एक लड़कों के स्कूल को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले पारंपरिक अग्नि उत्सव 'चहारशंबे सूरी' को लेकर इस बार भारी तनाव की स्थिति बनी हुई है।



**■ ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले 'चहारशंबे सूरी' त्योहार पर सरकारी रोक**

ईरानी प्रशासन ने नागरिकों को चेतावनी जारी करते हुए इस साल किसी भी प्रकार ऐसे त्योहार को मनाने पर रोक लगा दी है जिसमें लोग एक जगह जमा होकर नाचते गाते हैं। 'चहारशंबे सूरी' पर्व फारसी कैलेंडर के अंतिम मंगलवार की रात को मनाया जाने वाला एक प्राचीन उत्सव है। इसमें लोग अलाव जलाकर उसके ऊपर से गुजरते हैं और कूदते हैं, जिसे शुद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक माना जाता है। आधुनिक समय में यह उत्सव आतिशबाजी और दावतों के रूप में तब्दील हो गया है, जो वसंत के आगमन और नौरोज की खुशी का संकेत देता है। ईरानी रेड क्रिसेंट, दमकल विभाग और आपातकालीन सेवाओं के जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध की स्थिति और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए लोगों को सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। प्रशासन का तर्क है कि इस समय चिकित्सा प्रणाली और आपातक. ालीन संसाधनों को सुरक्षित रखना अनिवार्य है ताकि उन पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों और विपक्षी नेताओं का मानना है कि उत्सव पर यह रोक सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि असंतोष को दबाने के लिए लगाई गई है। जनवरी में हुए देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शासन डरा हुआ है। कई प्रांतीय अधिकारियों ने इस उत्सव को 'राष्ट्रीय व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा' करार दिया है। अधिकारियों का दावा है कि 'दुश्मन' इस तरह की भीड़ का फायदा उठाकर अशांति फैला सकता है।

## पश्चिम एशिया में जंग के बीच चीन की बड़ी पहल

**■ ईरान, लेबनान और पड़ोसी देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता की घोषणा**

**बीजिंग।** चीन ने पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच मानवीय संकट को कम करने के लिए ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में इसकी आधिकारिक घोषणा की। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वर्तमान में चल रहे युद्ध और संघर्षों ने ईरान तथा इस क्षेत्र के अन्य देशों के नागरिकों के लिए असहनीय मानवीय आपदा पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन संबंधित देशों के लोगों के प्रति गहरी सहानुभूति रखता है और इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा है। चीन का यह कदम उन क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए है जहां युद्ध के कारण बुनियादी सुविधाओं और जीवन रक्षक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। चीन ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर शांति बहाली की अपील की है। जियान ने जोर देकर कहा कि चीन शांति को बढ़ावा देने और तत्काल युद्धविराम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेगा।

## धर्म के राजनीतिकरण के खिलाफ एकजुट हो विश्व समुदाय

**■ यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी का इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया में आह्वान**

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी ने मंगलवार को धर्म के राजनी. तिकरण और आस्था को हथियार बनाने के बढ़ते खतरों के खिलाफ वैश्विक सतर्कता का आह्वान किया।

पर्वतानेनी इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) और 'यूनाइटेड नेशंस अलायंस ऑफ सिविलाइज. ेशन' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया' को संबोधित कर रहे थे। राजदूत ने 'इस्लामोफोबिया के नैरेटिव' का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए आस्था का उपयोग करना चिंता. जनक है। पर्वतानेनी ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक पहचान के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह धार्मिक पहचान को हथियार बनाने और इसे संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने की बढ़ती प्रवृत्ति और खतरों पर ध्यान दे, चाहे वह सरकारी पक्ष की तरफ से हो या गैर-सरकारी पक्ष की ओर से। भारत का पश्चिमी पड़ोसी अपने पड़ोस में इस्लामोफोबिया की काल्पनिक कहानियां गढ़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राजदूत ने सभा से पड़ोसी देश के मानवाधिकार रिकॉर्ड का मूल्यांकन करने का आग्रह किया और सवाल उठाया कि अहमदिया समुदाय के व्यवस्थित दमन और अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी को कैसे उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई आश्चर्य कर सकता है कि इस देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन, या असहाय अफगानों की बड़े पैमाने पर वापसी या रमजान के इस पवित्र महीने में हवाई बमबारी अभियानों को क्या कहा जाएगा? राजदूत ने चुनिंदा नैरेटिव (विमर्श) के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि धर्म का राजनीतिकरण शिकायतों का समाधान नहीं करता है। हम ऐसे ढांचे के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं जो केवल एक ही आस्था पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बिना इसके सभी रूपों में 'रिलिजियोफोबिया' (धर्म के प्रति डर) को संबोधित किए। पर्वतानेनी ने धर्म या विश्वास के आधार पर असहिष्णुता और भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर 1981 के संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र को एक 'संतुलित और स्थाई साधन' बताया जो 'किसी को विशेषाधिकार दिए बिना सभी धार्मिक अनुयायियों के अधिकारों की रक्षा करता है।

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर सहयोगी देशों के रुख से ट्रम्प नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में 'उत्साह' की कमी है।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य से ही दुनिया के ऊर्जा संसाधनों के पांचवें हिस्से की जहाजों से जरिए आपूर्ति की जाती है। ट्रम्प ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रम्प ने कहा कि यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी। गौरतलब है कि ईरान ने 28 फरवरी को अमे. रिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी जिसके बाद फारस की खाड़ी से होने वाली जहाजों की आवाजाही काफी हद तक कम हो गई है। ट्रम्प ने ब्रिटेन की प्रतिक्रिया पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा इस संघर्ष में नाटो को शामिल करने में दिखाई गई हिचकिचाहट से मैं 'खुश नहीं हैं' और बहुत हैरान हूं।

## रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 206 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने पिछली रात 206 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पिछली रात वायु रक्षा प्रणालियों ने 206 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, 62 ड्रोन ब्रायांस्क क्षेत्र में, 43 मॉस्को क्षेत्र में , 28 क्रास्नोडार क्षेत्र में, 18 क्रीमिया में, 12 स्मोलेंस्क क्षेत्र में, 9 कलुगा क्षेत्र में, 8 बेलगोरोड क्षेत्र में, 6 रोस्तोव क्षेत्र में, 4 लेनि. नग्राद क्षेत्र में, 3 अस्त्रखान क्षेत्र में और 1 अदिगेया गणराज्य में मार गिराए गए। इसके अलावा, आजा. ेव सागर के ऊपर 12 ड्रोनों को भी नष्ट किया गया है।

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

## नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से किया इन्कार, 17 दिन बाद हालात बदले

**वाशिंगटन।** ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है।

ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वारशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा।



**■ द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा**

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अमेरिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह यूरोप का युद्ध नहीं है और जब अमेरिकी नौसेना खुद इतनी ताकतवर है, तो कुछ यूरोपीय जहाज क्या कर लेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश इस बड़े युद्ध में नहीं फंसेगा। उन्होंने माना कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना जरूरी है ताकि तेल बाजार स्थिर रहे, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कदम ज्यादा से ज्यादा देशों की सहमति से ही उठाया जाएगा। यूरोपीय देशों ने सैन्य कार्रवाई की बजाय कूटनीति पर जोर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत अहम है क्योंकि यहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई होती है, जो फिलहाल ईरान के कारण प्रभावित हो रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर सोमवार को लंदन में मिडिल ईस्ट की स्थिति पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि इस संकट का हल बातचीत से ही निकलना चाहिए और उनका देश किसी नौसैनिक मिशन को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है।



# सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो का किरदार निभाती नजर आएंगी। अदा शर्मा अपने आने वाले प्रोजेक्ट में एक आलसी, भ्रष्ट और पूरी तरह से अनप्रेडिक्टेबल सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी। पारंपरिक सुप. रहीरो जहां दुनिया को बचाते हैं, वहीं उनका किरदार नियम तोड़ता है, झूठ बोलता है और शायद दुनिया को बचाने के बजाय उसे तबाह करना भी चाह सकता है। हाल ही में सामने आए फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर काफी उत्साह पैदा कर दिया है। फैंस आदा के किरदार 'वेल्ली' की झलक देखकर उत्साहित हैं और फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस अजीब और अनोखे कॉन्सेप्ट वाला सुपरहीरो दर्शकों को कुछ नया और मनोरंजक देने का वादा करता है। अदा शर्मा ने हमेशा यह साबित किया है कि वे खुद को किसी एक जॉनर तक सीमित नहीं रखतीं। उन्होंने पहली बार हॉरर फिल्म 1920 से ध्यान खींचा, फिर केरला स्टोरी में इंटेंस ड्रामा दिखाया, सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी कॉमिक टाइमिंग दिखाई और कमांडो में हाई-ऑक्टेन एक्शन किया। वहीं बस्तर: द नक्सल स्टोरीमें उन्होंने एक गंभीर और ग्रिटी किरदार निभाया है।

## काशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जियोहॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** अभिनेत्री कशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इससे दर्शकों को गीता की प्रेरणादायक कहानी और शिक्षा के लिए उसके संघर्ष को फिर से देखने का अवसर मिलेगा। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद से ही इस फिल्म को उसके अर्थपूर्ण संदेश और भावनात्मक कहानी के लिए सराहा गया है, वहीं मुख्य भूमिका निभाने वाली काशिका कपूर के दमदार अभिनय को दर्शकों ने खास तौर पर पसंद किया है।यह फिल्म महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करती है, जो राष्ट्रीय पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना को भी दर्शाती है। ग्रामीण पृष्ठभूमि में आधारित यह कहानी गीता नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सामाजिक दबावों और बाधाओं के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना देखती है। फिल्म की कहानी के केंद्र में काशिका कपूर हैं, जिन्होंने गीता के किरदार को बेहद सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ निभाया है। आयुष्मती गीता मैट्रिक पास की खास बात यह है कि यह मनोरंजन के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देती है।

## नाइजीरिया: तीन भीषण धमाकों से दहला बाजार

**■ 23 की मौत और 100 से अधिक घायल**

**अबुजा।** नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर में सोमवार शाम हुए तीन सिलसिलेवार बम धमाकों में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 108 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन हमलों में शहर के व्यस्ततम इलाकों को निशाना बनाया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि संदिग्ध आत्मघाती हमलावरों ने 'मंडे मार्केट', 'यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल' के गेट और 'पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में आईईडी के जरिए ये विस्फोट किए। धमाके उस समय हुए जब इन इलाकों में लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी, जिससे हताहतों की संख्या में इजाफा हुआ। विस्फोटों के तुरंत बाद सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि वर्तमान में मैदुगुरी में स्थिति सामान्य हो गई है। हालांकि पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। इन घातक हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी भी समूह ने नहीं ली है। मैदुगुरी क्षेत्र लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत नाजुक बनी हुई है।